महानगर नई दिल्ली गुरुवार 1 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

# एक देश एक कानून की ओर पहला कदम है तीन तलाक कानून

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने तीन तलाक विरोधी विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी मिलने को केंद्र सरकार की बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि यह एक देश एक कानून की ओर पहला कदम है।

तीन तलाक को किसी भी सभ्य समाज के लिए एक जघन्य अपराध करार देते हुए नकवी ने कहा कि तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगाने वाले मुसलिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण कानून) को लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी मंजूरी दिला कर सरकार ने जनता से किया अपना वादा पूरा किया है। इस मुद्दे पर विपक्ष के विरोध को खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज 'हेडलेस' तो है ही, वह 'माइंडलेस' भी हो गई है। 'जनसत्ता बारादरी' में बुधवार को शिरकत बाकी पेज 8 पर

### जनसत्ता बारादरी

### केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, तीन तलाक जघन्य अपराध

'जनसत्ता बारादरी' में बुधवार को शिरकत करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाना जनता से हमारी पिछली सरकार का वादा था जिसे नई सरकार के गठन होने के तुरंत बाद पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के राज्यसभा में पारित होने को लेकर तमाम किस्म की आशंकाएं जाहिर की गई थीं, लेकिन इन सबको गलत साबित करते हुए सरकार ने अपना वादा निभाया।

विस्तृत बातचीत पढ़ें पेज 7 पर रविवार को



फोटो : अरुष चोपड़ा

# सीमा पार दो चौकियां तबाह, छह पाकिस्तानी जवान ढेर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

**नियंत्रण रेखा** पर भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान।
**पाकिस्तानी** गोलाबारी में घायल महिला की अस्पताल में मौत।
**गोलाबारी** के कारण एलओसी के पास 70 भारतीय गांवों में शिक्षण संस्थान बंद।

पाकिस्तानी सैनिकों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास गोलीबारी की और मोर्टार के गोले दागे। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय सैनिकों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना की दो चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा और कई पाकिस्तानी सैनिक हताहत हुए हैं। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में मारे गए सैनिकों की संख्या कम से कम छह है। ये सैनिक अखनूर और गुरेज सेक्टर में मंगलवार और बुधवार को की गई कार्रवाई में मारे गए हैं।

दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल हुई 50 वर्षीय महिला ने बुधवार को अस्तपाल में दम तोड़ दिया।

एक अधिकारी ने बताया कि रहमी बेगम ने तड़के एसएमएचएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा कई सेक्टरों में संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के बाद मंगलवार को सीमा पार गोलाबारी में महिला घायल हो गई थी। इस घटना में स्वास्थ्य विभाग की एक कर्मचारी भी घायल हो गई थी। उसका अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी हालत अब स्थिर है।

पाकिस्तान की ओर से की जा रही गोलाबारी के मद्देनजर मच्छल, तंगधार, जमगुंड, करनाह और बुडनाम के अंतर्गत आने वाले करीब 70 गांवों में सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है।

रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता के मुताबिक, 'पाकिस्तान सेना ने राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास छोटे हथियारों से गोलीबारी करके और मोर्टार के गोले दाग कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।' पुंछ और राजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ असैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर पाकिस्तान सेना द्वारा की जाने वाली गोलीबारी और गोलाबारी का यह लगातार चौथा दिन है, जिनमें अब तक एक बच्चे और एक जवान की जान जा चुकी बाकी पेज 8 पर

## जम्मू कश्मीर में ईडब्लूएस वर्ग को 10 फीसद आरक्षण मंजूर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जम्मू कश्मीर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को नौकरियों व शैक्षणिक संस्थाओं में 10 फीसद आरक्षण संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जम्मू कश्मीर आरक्षण (दूसरा संशोधन) विधेयक 2019 को मंजूरी दे दी गई। इसे मंजूरी मिलने से प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को नौकरियों व शैक्षणिक संस्थाओं में 10 फीसद आरक्षण का लाभ प्राप्त हो सकेगा। सूचना और प्रसारण बाकी पेज 8 पर

## प्रधानमंत्री ने 2022 तक सबको आवास की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली, 31 जुलाई (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल की पहली 'प्रगति' बैठक में 2022 तक सभी के लिए आवास की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को इस दिशा में मेहनत करने और रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने को कहा है। प्रधानमंत्री बुधवार को आइसीटी आधारित मल्टी मॉडल प्लेटफॉर्म 'प्रगति' की 30वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



**प्रधानमंत्री** ने अधिकारियों को इस दिशा में मेहनत करने और रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने को कहा

इस दौरान प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत और सुगम भारत अभियान जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने राज्यों से मानसून के दौरान जल संरक्षण पर अधिकतम ध्यान देने की अपील की।

आयुष्मान भारत की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री को बताया गया कि करीब 35 लाख लाभान्वित अस्पताल में दाखिले की सुविधा का लाभ ले चुके हैं। अब तक 16,000 अस्पताल इस योजना से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि योजना के लाभों और सकारात्मक प्रभाव के बारे में एक अध्ययन किया जाना चाहिए। वहीं योजना के दुरुपयोग और जालसाजी होने बाकी पेज 8 पर

# प्रधान न्यायाधीश ने पत्र पेश करने में देरी पर मांगी रिपोर्ट

### कहा, चिट्ठी मेरे सामने नहीं आना दुर्भाग्यपूर्ण, कोर्ट सेक्रेटरी जनरल सफाई दें

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव बलात्कार पीड़ित द्वारा प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को लिखे पत्र का बुधवार को संज्ञान लेते हुए इसे प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश करने में हुए विलंब पर अपने सेक्रेटरी जनरल से रिपोर्ट मांगी है। बलात्कार पीड़ित इस लड़की ने इस पत्र में अपनी जान को खतरे की आशंका व्यक्त की थी और कुछ घटनाओं का भी इसमें जिक्र किया था।



प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने बुधवार को कहा-दुर्भाग्यवश, यह पत्र अभी तक सामने नहीं आया है लेकिन समाचार पत्रों में ऐसी खबर प्रकाशित हुई है कि मानो मैंने इस पत्र को पढ़ लिया है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस के पीठ ने कहा कि समाचार पत्रों ने ऐसे पेश किया है कि मानो प्रधान न्यायाधीश ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

जजों ने कहा-हम इस अत्यधिक विस्फोटक स्थिति के बारे में कुछ करेंगे। पीठ ने ये टिप्पणियां उस वक्त कीं जब बच्चों से बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ वकील वी गिरि ने उन्नाव बलात्कार प्रकरण सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। शीर्ष अदालत ने इस मामले को गुरुवार के लिए सूचीबद्ध करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को उन्नाव बलात्कार मामले की पीड़ित से संबंधित दुर्घटना के बारे में प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

भाजपा के विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने इस महिला से करीब दो साल पहले उन्नाव में अपने आवास पर कथित रूप से बलात्कार किया था। यह महिला बाकी पेज 8 पर

### उन्नाव कांड

**शीर्ष अदालत** ने इस मामले को गुरुवार के लिए सूचीबद्ध करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ित से संबंधित दुर्घटना के बारे में प्रगति रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है।

**प्रधान न्यायाधीश** को भेजे गए पत्र में दावा किया गया है कि 7-8 जुलाई को भाजपा विधायक सेंगर से कथित रूप से संबंध रखने वाले कुछ व्यक्तियों ने पीड़ित के परिवार को गंभीर परिणामों की चेतावनी दी थी। पत्र पर पीड़ित, उसकी मां और चाची के हस्ताक्षर हैं।

**पत्र** के अनुसार सात जुलाई को बलात्कार मामले में एक आरोपी के बेटे नवीन सिंह, शशि सिंह, मनोज सिंह, (एक अन्य आरोपी कुलदीप सिंह के भाई) और कन्नू मिश्रा उनके घर आए थे और उन्हें धमकी दी थी।

## सीबीआइ ने सेंगर व नौ अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।



सीबीआइ ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के सड़क दुर्घटना मामले में भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और नौ अन्य के खिलाफ हत्या के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच करने के लिए गठित विशेष टीम रायबरेली जिले के गुरबख्शगंज इलाके में हादसा स्थल पर पहुंची। सीबीआइ प्रवक्ता के मुताबिक, 'मामले के त्वरित और सुचारू जांच के लिए सीबीआइ ने एक बाकी पेज 8 पर

# प्रवर्तन निदेशालय ने फारूक अब्दुल्ला से पूछताछ की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले के सिलसिले में बुधवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला से पूछताछ की।



अधिकारियों के मुताबिक, फारूक अब्दुल्ला ईडी के चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। उनका बयान धनशोधन रोकथाम कानून के तहत दर्ज किया गया।

प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन का मामला सीबीआइ की एक प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर दर्ज किया था। फारूक अब्दुल्ला और तीन अन्य के खिलाफ आरोप पत्र पिछले साल जुलाई में दायर किया गया था। आरोप पत्र उस अनुदान से 43 करोड़ रुपए के कथित गबन के लिए दायर किया गया था, जो बीसीसीआइ द्वारा 2002-2011 के बीच जेकेसीए को दिया गया था।

सीबीआइ ने अब्दुल्ला के अलावा जेकेसीए के तत्कालीन महासचिव मोहम्मद सलीम खान, तत्कालीन कोषाध्यक्ष अहसन अहमद मिर्जा और जम्मू कश्मीर बैंक के अधिकारी बशीर अहमद मिसगर के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और आपराधिक अमानत में खयानत के लिए रनबीर दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाया है।

## आइएस से जुड़ा केरल का युवक अफगानिस्तान में मारा गया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

**अफगानिस्तान** के खोरासान में 18 जुलाई को अमेरिकी ड्रोन हमले का शिकार हुआ

आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएस) में शामिल हुआ केरल निवासी एक आतंकी 18 जुलाई को अफगानिस्तान में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारा गया है।

वह अक्तूबर, 2017 में आइएस में शामिल हुआ था और तब से भारत से लापता था। वह मल्लपुरम के इडप्पल का रहने वाला था। मुहम्मद मोहसिन नामक केरल मूल के इस आतंकी के बारे में उसके घर वालों को सूचना मंगलवार की रात वॉट्सऐप संदेश के जरिए मिली। उसके घर वालों ने बुधवार को वह संदेश पुलिस और आइएस के केरल मॉड्यूल की जांच कर रहे राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) के अधिकारियों को भेजा।

एनआइए के मुताबिक केरल के मलप्पुरम का रहने वाला मुहम्मद मोहसिन अफगानिस्तान के खोरासान बाकी पेज 8 पर

# सिद्धार्थ का शव मिला, कारोबार जगत स्तब्ध

### चिकमगलूर में अंत्येष्टि, सैकड़ों लोगों ने दी विदाई

मंगलुरु/बंगलुरु, 31 जुलाई (भाषा)।

देश के सबसे बड़े कॉफी चेन 'कैफे कॉफी डे' (सीसीडी) के संस्थापक वीजी सिद्धार्थ के सोमवार को लापता होने के दो दिन बाद एक नदी से उनका शव बरामद किया गया। उनके गृह जिले चिकमगलूर स्थित उनके एस्टेट में बुधवार को उनकी अंत्येष्टि की गई, जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

सिद्धार्थ की मौत ने कारोबार जगत को स्तब्ध कर दिया है। दरअसल, उनकी मौत के बारे में



तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। एक ओर जहां पुलिस इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या के तौर पर देख रही है, वहीं दूसरी ओर कर अधिकारियों की प्रताड़ना को उनकी कथित आत्महत्या का एक संभावित कारण बताया जा रहा है।

भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी व गमगीन माहौल में सिद्धार्थ के बेटे अमर्त्य ने उन्हें मुखाग्नि दी।वोक्कालिगा समुदाय की परंपराओं के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह इसी समुदाय से थे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी सहित कई नेता भी अंत्येष्टि स्थल पर मौजूद थे। सिद्धार्थ के ससुर व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता एसएम कृष्णा और उनकी सास प्रेमा भी कई बार अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। सिद्धार्थ के परिवार में उनकी पत्नी मालविका और दो पुत्र-अमर्त्य व बाकी पेज 8 पर

## ईडी ने कार्ति चिदंबरम से आवास खाली करने को कहा

नई दिल्ली, 31 जुलाई (भाषा)।



प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति को जोर बाग का अपना आवास खाली करने का निर्देश दिया। आईएनएक्स मीडिया मामले में इस आवास को कुर्क किया गया है।

### दरअसल




### मदर्स मिल्क बैंक खोलने का मुद्दा उठा | कोई अजूबा नहीं | महाराष्ट्र, राजस्थान और वाराणसी में खुले

# नौनिहालों को चाहिए देश भर में दूध बैंक

लखनऊ, 31 जुलाई (भाषा)।

नवजात बच्चों के लिए जीवन अमृत माने जाने वाले मां के दूध के अभाव में शिशुओं की मौतों को रोकने के लिए पूरे देश में मदर्स मिल्क बैंक खोलने की मांग की गई है। मदर्स मिल्क बैंक देश में शिशु मृत्यु दर घटाने के लिहाज से बेहद कारगर उपाय हो सकता है। इससे हर साल एक लाख 60 हजार नवजात बच्चों को बचाया जा सकेगा।

देश भर में मदर्स मिल्क बैंक की स्थापना की मांग करने वाले स्तनपान संवर्द्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि यूनिसेफ और विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार मां का दूध न मिल पाने के कारण हिंदुस्तान में हर साल लगभग एक लाख 60 हजार नवजात जान गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों से साफ है कि इस सिलसिले को रोकने का एक ही रास्ता है कि वाराणसी की तर्ज पर पूरे देश में जगह-जगह मदर्स मिल्क बैंक स्थापित किए जाएं। गुरुवार एक अगस्त को शुरू हो रहे वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक से ऐन पहले उनकी मांग है कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

### बचेगी लाखों बच्चों की जान

**देश भर** में मदर्स मिल्क बैंक की स्थापना की मांग करने वाले स्तनपान संवर्द्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि यूनिसेफ और विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार मां का दूध न मिल पाने के कारण हिंदुस्तान में हर साल लगभग एक लाख 60 हजार नवजात जान गंवा देते हैं।



सिंह ने बताया कि कई बार ऐसी स्थिति पेश आती है कि शिशु को अपनी मां का दूध नहीं मिल पाता। खासकर मां के गंभीर रूप से बीमार हो जाने, दूध उत्पन्न न हो पाने या बच्चे के जन्म के बाद मां की मृत्यु हो जाने पर नवजात बच्चे मां के दूध से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने बताया कि जन्म के फौरन बाद मां का दूध नहीं मिल पाने के कारण डायरिया, निमोनिया और कुपोषण आदि अनेक कारणों से हर साल हजारों बच्चों की मृत्यु हो जाती है। मां का दूध शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास को सही गति देता है। मां का दूध शिशु का प्रथम टीकाकरण भी है। मां के दूध पर पोषित होने वाले शिशु बहुत कम बीमार पड़ते हैं।

पूर्वांचल में हर साल सैकड़ों की जान लेने वाले इंसेफेलाइटिस के उन्मूलन की दिशा में काम कर चुके डॉक्टर सिंह का सुझाव है कि देश में शिशुओं की सेहत और जिंदगी की सलामती के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा, लिहाजा हर ब्लॉक और जिले स्तर पर मदर्स मिल्क बैंक खोले जाएं। इससे नवजात बाकी पेज 8 पर

# राष्ट्र की पहेली और पहचान के सवाल पर बात

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

हंस के 34वें प्रेमचंद जयंती समारोह में 'राष्ट्र की पहेली और पहचान का सवाल' पर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न पहचानों के बाद एक समर्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। हर पहचान को अपना कुछ छोड़ना होगा तभी समृद्ध और आधुनिक राष्ट्र का निर्माण होगा। फैंटेसी में आप कभी भी कुछ हो सकते हैं, बन सकते हैं पर असल जिंदगी में आप क्या हैं और क्या दिखना पसंद करते हैं उसी पर राष्ट्र का निर्माण निर्भर करता है। विविधता में एकता के सूत्र खोजना यह कोई कोरी फैंटेसी नहीं थी। इसे हम यूं भी कह सकते हैं कि यह कोई यूरोप और अमेरिका में खोजी हुई बात नहीं थी। अगर ऐसा होता तो 16वीं सदी में लिखी गई जायसी का 'पद्मावत' या प्रेमचंद का 'रंगभूमि' इतने ख्यात और जीवन को समझने की कुंजी नहीं बनते। भविष्य की क्या रूपरेखा हो सकती, किस प्रकार की स्मृति को संजोए रखने में हमारी दिलचस्पी है, यहीं राष्ट्रवाद को समझने की जरूरत है। हमसे जुनैद और उन्नाव की घटना पर दुखी होने का अधिकार कोई छीन नहीं सकता और यही संविधान में लिखा है और यही राष्ट्रवाद है।

पत्रकार हरतोष सिंह बल ने कहा कि एक नागरिक के रूप में उनकी क्या पहचान हो सकती है यह तय करने का अधिकार किसे हो सकता है। दंगाई कोई भी हो सकता है और उसकी कोई परिभाषा और मापदंड नहीं होता। अगर ऐसा होता तो 84 का दंगा आपके सामने उदाहरण के रूप में है। भारतवासी कहते हैं तो इसका क्या मतलब है। इस समय यही समझने की जरूरत आन पड़ी है। सिद्धांतों पर बैठा हुआ स्वरूप गणतंत्र है। गणतंत्र न कभी राष्ट्र था न होगा। सामाजिक अध्येता अनन्या वाजपेयी ने मॉब लिचिंग पर बात की तो संविधान के जानकार फैजान मुस्तफा ने अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक का वर्गीकरण किया। मकरंद परांजपे ने सहिष्णुता और अहिष्णुता को राष्ट्रवाद से जोड़ा। हंस के संपादक संजय सहाय ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और संचालन प्रियदर्शन ने किया। कार्यक्रम में रचना वर्मा के अलावा लिखने-पढ़ने वाले कई लोग मौजूद थे।


'हंस' की संगोष्ठी में अपनी बात रखते संजय शाह।

**RAMAKRISHNA TEACHERS TRAINING INSTITUTE**
M-Block, Vikaspuri, New Delhi-110018
Ph. : 25550497, 25529748
**ADMISSION NOTICE**
**Management Quota seats are available** for those who applied for admission to D.El.Ed./D.P.S.E course to SCERT as per SCERT norms & guidelines for the session **2019-2021**, may apply on the prescribed admission form available in the institute w.e.f.**29.07.2019 to 13.08.2019 between 9.00 a.m. to 4.00 p.m.**
Manager

# 'गोविंदा आला रे'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण एवं शिक्षा प्रचार समिति द्वारा जन्माष्टमी पर्व पर दिल्ली में लगातार 16वीं बार आयोजित होने वाला सर्वाधिक लोक प्रिय मटकी फोड़ कार्यक्रम 'गोविंदा आला रे' को इस वर्ष उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के झील पार्क, वेलकम मेट्रो स्टेशन के सामने आयोजित किया जाएगा।

इसे इस वर्ष गत वर्षों की अपेक्षा और अधिक भव्यतापूर्वक आयोजित किए जाने की योजना संस्था ने तय की है। जिसके तहत संस्था द्वारा इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी महाराज की श्री मद् भागवत कथा भी आयोजित की गई है। यह जानकारी संस्था के संस्थापक, यूनाईटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जय भगवान गोयल ने संस्था पदाधिकारियों की आयोजित एक बैठक के बाद दी गई।

उन्होंने बताया कि इस साल भी मटकी फोड़ने वाली टीमों में लड़कियों की टीमें भी शामिल होंगी। 24 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व को बड़ी धूम-धाम के साथ मनाया जाएगा।

## दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
पंजी. एवं प्रधान कार्यालय: 87, एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई-400 001
CIN No.: L99999MH1919GOI000526, आईआरडीए पंजी. सं.: 190
टेली.: +91 22 22708263, फैक्स: +91 22 22652811
ईमेल: investors@newindia.co.in; वेबसाईट: www.newindia.co.in
**शेयर प्रमाण पत्रों के गुम होने की सूचना**
कम्पनी के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र (त्रों) के गुम हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है। उक्त शेयर प्रमाणपत्र (त्रों) के धारकों ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र (त्रों)को जारी करने के लिये कम्पनी से अनुरोध किया है।
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर कम्पनी को कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है तो कम्पनी नीचे वर्णित व्यक्ति (यों) को डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी। उसका डुप्लिकेट्स जारी करने के उपरांत मूल शेयर प्रमाणपत्र (त्रों) के संदर्भ में कम्पनी किसी भी दावे पर विचार नहीं करेगी।

| शेयरधारक का नाम | फोलियो नं. | प्रमाणपत्र सं. | विशिष्ट सं. | | शेयरों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | |
| के सदासिवन | 0000014 | 24 | 1647999929 | 16479999964 | 36 |

यदि किसी व्यक्ति का उक्त शेयर प्रमाणपत्र (त्रों) के संदर्भ में किसी प्रकार का कोई दावा हो तो वे उसके पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी के पास सभी समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने दावे दाखिल करें। यदि इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर कोई मान्य एवं वैधानिक दावे प्राप्त नहीं होती है तो कम्पनी उपरोक्त व्यक्ति को डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करेगी। आगे, किसी भी अन्य व्यक्ति (यों) के दावे पर विचार नहीं किये जाएंगे।
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड के लिए
पंजीकृत कार्यालय:
87, एमजी रोड, फोर्ट, मुम्बई-400001
तिथि: 31 जुलाई, 2019
हस्ता./-
जयश्री नैयर
कम्पनी सचिव एवं मुख्य अनुपालन अधिकारी

# डीयू ने जारी की छठी कटऑफ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बुधवार को छठी कटऑफ जारी कर दी। यह कटऑफ सिर्फ आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों के लिए जारी की गई है। इस कटऑफ के आधार पर एक से तीन अगस्त तक दाखिला लिया जा सकता है। छठी कटऑफ में सबसे अधिक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में ईडब्लूएस वर्ग की 97.25 फीसद रही है। आरक्षित श्रेणी के लिए जारी इस कटऑफ के मुताबिक अधिकतर स्थानों पर अभी अवसर उपलब्ध हैं। डीयू से संबद्ध नॉन कॉलेजिएट वुमेंस एजुकेशन बोर्ड ने बुधवार को चौथी कटऑफ जारी कर दी।

# एक्सप्रेसकर्मी सेवानिवृत्त



जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

इंडियन एक्सप्रेस समूह में वरिष्ठ टाइम कीपर के पद पर कार्यरत शरद नारायण घाडगे कंपनी की करीब 31 वर्षों की सेवा के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 1988 से सेवा शुरू की थी। उनके विदाई कार्यक्रम में साथियों ने उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की।

## स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : जीपीओ पोस्ट बैग नं. 23, सरोजनी नगर, लखनऊ-226008
फोन नं.-0522-2476242, सीआईएन L25111UP1972GOI003599
**सूचना**
भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 33 के साथ पठित विनियम 47 (1) के अनुपालन में मैसर्स स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) ने 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के अपरीक्षित वित्तीय परिणाम के बारे में विचार करने और स्वीकार करने के लिए निदेशक मंडल की बैठक **शुक्रवार, 09 अगस्त, 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे बोर्ड रूम, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड, लखनऊ** में होगी।
निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
हस्ताक्षर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
स्थान: लखनऊ
दिनांक: 25 जुलाई, 2019


## IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लि., गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन: 0522-4918801/ वेब: www.idbibank.in
CIN: L65190MH2004GOI148838
अंचल कार्यालय: यूपीसीबी बिल्डिंग, 2, एम.जी. रोड, लखनऊ, पिन-226001
**सूचना**
आपको सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित लॉकर खाताओं से जुड़े हमारी गोमती नगर शाखा के लॉकर धारक हमारी विभिन्न सूचनाओं तथा उनसे की गई मांगों के बावजूद काफी लंबे समय से निर्धारित लॉकर किराये का भुगतान करने में विफल रहे हैं तथा भुगतान की अनदेखी की है। लॉकर धारक द्वारा स्वीकृत नियमों एवं शर्तों के अनुसार किराये का भुगतान नहीं करने की स्थिति में बैंक उक्त लॉकर को तोड़कर खोलने के लिए स्वतंत्र है। तदनुसार, औपचारिकताओं का निर्वहन कर 07.08.2019 को उक्त लॉकर को तोड़ कर खोलने का प्रस्ताव किया गया है तथा लॉकर धारकों से आग्रह है कि उक्त कार्रवाई से बचने के लिये नियत तिथि से पूर्व शाखा में सम्पर्क करें तथा बकाये का निपटारा करें। लॉकर तोड़कर खोलने के प्रभारों का वहन रेन्टरों को करना होगा तथा बैंक के पास बकाये किराये/ अन्य चार्जेज आदि के साथ उसकी वसूली करने के लिये कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है।

| नं. | लॉकर नं. | तिथि से बकाया | नाम एवं पता |
|---|---|---|---|
| 1. | जी-24 | 01.04.2016 | श्री सुनील कुमार अग्निहोत्री, बी-1/39, सेक्टर-जी, जानकीपुरम, लखनऊ, पिन- 226021 (उ.प्र.) |

स्थान: लखनऊ
तिथि: 31.07.2019
प्राधिकृत अधिकारी
(आईडीबीआई बैंक लिमिटेड)

SpiceJet
**SpiceJet Limited**
CIN: L51909DL1984PLC288239
**Regd. Office:** Indira Gandhi International Airport, Terminal 1D, New Delhi-110 037
Website: www.spicejet.com; email: investors@spicejet.com;
T: +91 124 3913939; F: +91 124 3913844
**NOTICE**
Notice is hereby given pursuant to Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, the 09th day of August, 2019 to consider and approve the unaudited standalone and consolidated financial results of the Company for the first quarter ended June 30, 2019.
The notice to the stock exchange communicating the above is available on the website of the stock exchange where the shares of the Company are listed viz. www.bseindia.com and on the Company's website viz. www.spicejet.com.
For SpiceJet Limited
Sd/-
Chandan Sand
Sr. VP (Legal) & Company Secretary
Date : July 31, 2019
Place : Gurugram

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय
# ध्यान दें
आपका सहयोग
## रामलीला, दशहरा, दुर्गा पूजा और मेलों के आयोजक।



## अपने लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करें और अन्तिम समय में भागा-दौड़ी से बचें
आवेदन पत्र व अपेक्षित दस्तावेज हमारी वेबसाइट: www.delhipolicelicensing.gov.in पर पंजीकरण व आवेदन करके जमा किए जा सकते हैं
**आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि:**
**31 अगस्त, 2019**
यदि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने में आपको कोई कठिनाई होती है, आप हमारी वेबसाइट से फार्म डाउनलोड कर सकते हैं और भरे हुए आवेदन प्रपत्र तथा अपेक्षित दस्तावेजों के साथ लाइसेंसिंग शाखा, पुलिस थाना डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली में विशेष सहायता डेस्क से संपर्क करें। हमारे अधिकारी आपके आवेदन की प्रोसेसिंग में आपकी मदद करेंगे। आप सहायता के लिए 26251025 पर भी कॉल कर सकते हैं।
'सार्वजनिक मनोरंजन स्थानों (सिनेमा घरों के अलावा) और सार्वजनिक मनोरंजन कार्यक्रमों के नियंत्रण एवं लाइसेंसिंग संबंधी नियम 1980' के तहत प्रदर्शन लाइसेंस लेना अनिवार्य है।
किसी भी स्पष्टीकरण के लिए लाइसेंसिंग सहायता डेस्क से 26251025 पर संपर्क करें अथवा ई-मेल करें: addlcp.lic-dl@nic.in
DP/9130/19

## भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम)
कॉनकॉर CONCOR Think Container Think CONCOR
पंजीकृत कार्यालय एवं निवेशक सम्पर्क केन्द्र : कॉनकॉर भवन, सी-3, मथुरा रोड, अपोलो अस्पताल के सामने, नई दिल्ली-110076
सीआईएन: L63011DL1988GOI030915
फोन: 011-41673093/94/95/96 फैक्स: 011-41673112
ई-मेल: co.pro@concorindia.com वेबसाइट: www.concorindia.com
शेयर ट्रांसफर एजेंट एवं रजिस्ट्रार :मैसर्स बीटल फाइनेंसियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. 99, मदनगीर (लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे),दादा हरसुख दास मंदिर, नई दिल्ली-110062
फोन: 011-2996128 फैक्स: 011-29961284
ई-मेल: beetal@beetalfinancial.com.



**30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश** (₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल परिणाम | | | | समेकित परिणाम | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही के लिए | | | समाप्त वर्ष के लिए | समाप्त तिमाही के लिए | | | समाप्त वर्ष के लिए |
| | | 30 जून, 2019 (अलेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2019 (लेखापरीक्षित) | 30 जून, 2018 (अलेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2019 (लेखापरीक्षित) | 30 जून, 2019 (अलेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2019 (लेखापरीक्षित) | 30 जून, 2018 (अलेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2019 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 1,638.93 | 1,834.29 | 1,568.27 | 6,881.91 | 1,654.76 | 1,849.54 | 1,597.19 | 6,956.06 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) | 324.97 | 483.65 | 350.02 | 1,688.88 | 325.34 | 479.14 | 343.83 | 1,648.97 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 324.97 | 483.65 | 350.02 | 1,688.88 | 325.34 | 479.14 | 343.83 | 1,648.97 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 227.83 | 352.31 | 252.37 | 1,215.41 | 242.51 | 360.02 | 257.39 | 1,224.59 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि (कर पश्चात) के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 227.70 | 349.57 | 253.79 | 1,213.55 | 242.28 | 357.21 | 258.75 | 1,222.66 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 304.65 | 304.65 | 243.72 | 304.65 | 304.65 | 304.65 | 243.72 | 304.65 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए गए अनुसार | | | | 10,063.22 | | | | 10,025.25 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 5/- प्रत्येक) (अनवरत और समाप्त परिचालनों के लिए) | | | | | | | | |
| | 1. मूल (रु.) | 3.74 | 5.78 | 4.14 | 19.95 | 3.98 | 5.91 | 4.22 | 20.10 |
| | 2. तनुकृत (रु.) | 3.74 | 5.78 | 4.14 | 19.95 | 3.98 | 5.91 | 4.22 | 20.10 |

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है और 31 जुलाई, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
**टिप्पणी:** उपरोक्त परिणाम, सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किए गए 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.nseindia.com, www.bseindia.com** और कम्पनी की वेबसाइट **www.concorindia.com** पर उपलब्ध है।
निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता./-
(मनोज कुमार दूबे)
निदेशक (वित्त)
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 31 जुलाई, 2019

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 34.5 डि.से. | 34.5 डि.से. | 31.8 डि.से. | 34.4 डि.से. |
| न्यूनतम | 27.8 डि.से. | 27.8 डि.से. | 27.7 डि.से. | 27.8 डि.से. |



## बिजली शुल्क की नई दरों का एलान

# घरेलू उपभोक्ताओं को राहत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने उपभोक्ताओं के लिए बिजली के तय शुल्क में कमी की है और नई बिजली दरों का एलान किया है, जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं को बिल कम भरना पड़ेगा। आयोग ने मनोवैज्ञानिकों व फिजियोथैरेपिस्ट को भी घरेलू श्रेणी में रखा है।

आयोग ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात कही है साथ ही ई-रिक्शा के लिए भी बिजली टैरिफ में राहत दी है। यह राहत तय शुल्क व टैरिफ के बदलाव से संभव हुआ है। बिजली उपभोक्ता लंबे समय से डीईआरसी से तय शुल्क में कमी करने की मांग कर रहे थे। आयोग ने लघु दुकानदारों की सुविधा के लिए 3 किलोवॉट की एक श्रेणी बनाई है। इस श्रेणी में उपभोक्ताओं पर बिजली का शुल्क कम किया गया है।

### ये भी किए गए हैं प्रावधान

- आयोग ने विलंब भुगतान अधिभार को 1.5 फीसद से 1.8 फीसद तय किया गया है
- 8 फीसद के अधिभार में कोई बदलाव नहीं किया गया है
- डिस्कॉम काउंटर पर 4000 रुपए तक ही नकद जमा होगा
- 50 हजार तक के बिल बैंक शाखाओं में ही जमा होंगे
- उपभोक्ताओं को 3.8 फीसद का पेंशन अधिभार देना होगा

दूसरी ओर, प्रदूषण से लड़ने के लिए सड़कों पर उतारे गए ई-वाहनों के लिए अब बिजली सस्ती होगी। इन वाहनों के लिए बने चार्जिंग स्टेशन पर 5.50 रुपए प्रति किलोवॉट की दर से भुगतान देना होता था। अब इन वाहनों को 4.50 रुपए की दर से यह भुगतान देना होगा। मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि श्रेणी से अलग से बदलाव किया गया है। मशरूम खेती को निश्चित शुल्क को 200 रुपए प्रति किलोवॉट और 6.50 रुपए कर दिया गया है।

### तय शुल्क पूरी तरह वापस लिया जाए : कांग्रेस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्षों हारुन युसूफ, देवेंद्र यादव और राजेश लिलोठिया ने बिजली बिलों पर लिए जाने वाले तय शुल्क को पूर्ण रूप से वापस लेने की मांग की। तीनों नेताओं ने आरोप लगाया कि डेढ़ वर्ष में तय शुल्क और पेंशन फंड के नाम पर दिल्लीवासियों को लूटा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि बिजली की दरों में कटौती की घोषणा को डेढ़ वर्ष से लागू करना चाहिए। कार्यकारी अध्यक्षों ने कहा कि बिलों पर लगाए गए शुल्कों को पूर्ण रूप से वापस लिया जाए और इसके द्वारा वसूले गए करोड़ों रुपए उपभोक्ताओं को वापस लौटाए जाएं या उपभोक्ताओं के अगले 6 महीने के बिलों में समायोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित के नेतृत्व में जब प्रदेश कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिला था, तब यह मांग की गई थी कि बिजली उपभोक्ताओं से जो 7401 करोड़ रुपए बिजली कंपनियों ने तय शुल्क और पेंशन फंड के नाम पर वसूला है उसे तुरंत वापस किया जाए।

## देश के दूसरे राज्यों में बिजली के बढ़े दामों को सिसोदिया ने बताया घोटाला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पिछले पांच साल से दिल्ली में बिजली के दाम नहीं बढ़े हैं जबकि दूसरे राज्यों में दाम अधिक हैं। दूसरे राज्यों में बिजली के दामों में बढ़ोतरी को दिल्ली सरकार ने घोटाला बताया है और इसकी सीबीआइ जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार में दाम बढ़ाए नहीं बल्कि घटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगातार बिजली की दरों को कम किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2010 में 539 रुपए का बिल आता था। 2013 में 928 रुपए का। 2018 में 660 रुपए हुए और अब यह 408 रुपए हो जाएगा। दिल्ली एकमात्र राज्य है जहां पर बिजली के दामों में कमी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने चार माह पहले फिक्स चार्ज कम करने घोषणा की थी। इससे हर वर्ग को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में दाम कम हो सकते हैं और कटौती की कमी हो सकती है तो बाकी राज्यों में भी हो सकती है। देश के सभी राज्यों में दिल्ली में सबसे सस्ती बिजली है। गुरुग्राम-हरियाणा, नोएडा-गाजियाबाद, राजस्थान जैसे राज्यों में बिजली के दाम काफी अधिक हैं। इन राज्यों में बिजली के बड़े घोटाले कर रखे हैं। इस घोटाले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इस टैरिफ में छोटे दुकानदारों को राहत दी गई है। तीन किलोवॉट के व्यावसायिक कमिर्शियल के रेट कम किए गए हैं। इसकी वजह से एक माह में करीब 2500 रुपए तक बचत होगी।

### राजधानी में 24 घंटे उपलब्ध रहती है बिजली : मुख्यमंत्री

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।



पांचवे साल भी लगातार बिजली के टैरिफ में कोई बदलाव न करते हुए 'आप' सरकार ने दिल्ली वालों को खुश किया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली सरकार ने बिजली की दरों में लगातार कमी की है। देश में सबसे सस्ती बिजली दिल्ली वालों को उपलब्ध कराने का केजरीवाल ने दावा किया है। साथ ही 24 घंटे बिजली उपलब्ध होने की बात भी कही।

## खबरों में शहर

### दो दिन बाधित रहेगी पानी की आपूर्ति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

दिल्ली जल बोर्ड सुप्रीम कोर्ट के पास प्रमुख लाइनों को जोड़ने का कार्य शुरू कर रहा है। इस तकनीकी कार्य की वजह से 2 व 3 अगस्त को कुछ क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता कम दवाब पर रहेगी। इस वजह से आइजी स्टेडियम, दिल्ली सचिवालय, प्रगति मैदान, राजीव चौक, बंगाली मार्केट, भगवान दास रोड, तिलक मार्ग, पंडारा रोड, काका नगर, रबिंद्र नगर, भारती नगर, सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड व आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे। बोर्ड ने जनता को आवश्यकतानुसार पानी भरकर रखने की सलाह दी है। पानी की किल्लत होने पर जल बोर्ड के केंद्रीय कक्ष 1916 व 1800117118 पर संपर्क कर टैंकर मंगाए जा सकते हैं।

### हाजी ताज मोहम्मद आम आदमी पार्टी में शामिल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

कांग्रेस नेता हाजी ताज मोहम्मद बुधवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेश संयोजक गोपाल राय व पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिलीप पांडे की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। गोपाल राय ने कहा कि हाजी ताज मोहम्मद, मुस्तफाबाद विधानसभा से जुड़े रहे हैं। अब तक दो बार निगम पार्षद, जिला महासचिव व हज समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। उनका दिलीप पांडे ने पार्टी की टोपी पहनाकर स्वागत किया। हाजी ताज मोहम्मद ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में बेहतरीन कार्य कर रही है और इस वजह से 'आप' सरकार का देश भर में नाम हो रहा है। इसलिए उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेने का फैसला लिया।

### ई-रिक्शा चालक को बेहोश कर लूटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

भलस्वा डेयरी में ई-रिक्शा चालक को शीतल पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। चालक को जब होश आया तब वह अस्पताल में था। पुलिस ने चालक के बयान पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित प्रेम बच्चन तिवारी स्वरूप विहार में रहता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शाम साढ़े सात बजे वह अपना ई-रिक्शा लेकर गुज्जर चौक भलस्वा डेयरी पर खड़ा कर सवारी का इंतजार कर रहा था। आरोपी उसके पास आया दो गिलास में कॉल्ड ड्रिंक लाया। एक उसने पी लिया और दूसरा पीड़ित को दिया। जब उसको होश आया तो वह बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती था।

### सांसद ने भलस्वा झील की सफाई का मुद्दा संसद में उठाया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली सांसद हंस राज हंस ने बुधवार को लोकसभा में अपने संसदीय क्षेत्र बादली विधानसभा के अंतर्गत स्थित भलस्वा झील की साफ-सफाई का मुद्दा उठाया। हंस ने कहा कि भलस्वा झील के चारो और गंदगी और खरपतवार उग आए हैं। झील के बीचों बीच जहां पहले साफ-सुथरा पानी हुआ करता था। देसी और विदेशी पक्षी मौसम के अनुरूप आया करते थे। यात्रियों और पर्यटकों का तांता लगा रहता था, लेकिन आज वहां पर लंबी-लंबी घास और झाड़ियां उग आईं हैं।

## आज के कार्यक्रम

### सभा संगोष्ठी

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र** : हिंदी रत्न सम्मान समारोह, हिंदी भवन, आइटीओ सभागार, शाम पांच बजे।

### प्रदर्शनी

**इंडिया हैबिटेट सेंटर** : नृत्य, स्टेन, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोदी रोड, शाम सात बजे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 31 जुलाई।

- देवर से हलाला करने का दबाव बनाने का आरोप
- दो थानों की पुलिस ने एक-दूसरे का मामला बताकर पीड़ित पक्ष को टहलाया

ग्रेटर नोएडा में तीन तलाक का मामला सामने आया। आरोप है कि पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को तलाक दे दिया। उसके बाद उस पर देवर से हलाला कराने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने बुधवार को इस मामले की शिकायत ग्रेटर नोएडा स्थित एसएसपी कार्यालय में दी है। आरोप लगाया है कि हलाला के लिए तैयार नहीं होने पर फांसी लगाकर जान से मारने का भी प्रयास किया गया। दादरी और दनकौर पुलिस इस मामले में पीड़ित को एक-दूसरे का थाना क्षेत्र बताकर टाल रही है।

ऊंची दनकौर के रहने वाले हाजी जहुर ने अपनी दो बेटी समीना व शबाना की शादी नई आबादी दादरी निवासी इकबाल व इदरीश से 29 मार्च 2005 में की थी। इकबाल कारोबारी है और इदरीश फेरी लगाने का काम करता है। पीड़ित हाजी जुहर का आरोप है कि शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी समीना का पति इकबाल व सास हनीफ, ससुर सीलम, देवर इकलाख व ननद नरगिस दहेज की मांग करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते थे। इसकी शिकायत दादरी पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद कोर्ट से मुकदमा दर्ज करने के लिए मामला दायर किया। इस बीच ससुराल पक्ष के लोगों ने माफी मांगी और पंचायत कर समझौता कर लिया। आरोप है कि उसके बाद फिर ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट शुरू कर दी।

बेटी के ससुराल पहुंचकर मारपीट का विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर भगा दिया गया। 27 जुलाई 2019 में रात 8 बजे उनके दोनों बेटियों को बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद इकबाल ने अपने परिवार के सभी लोगों की सलाह पर उनकी बेटी समीना को तीन तलाक दे दिया। उसके बाद समीना को घर में बंधक बनाकर रखा। दोबारा शादी करने के लिए देवर इकबाल से हलाला करने का दबाव बनाया गया। इसका विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। छोटी बहन ने इसका विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की।

## तीन तलाक विधेयक पास होने पर भाजपा ने मनाया जश्न

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

तीन तलाक विधेयक पास होने का जश्न बुधवार को भाजपा में नजर आया। इस विधेयक के पास होने के बाद महिलाओं ने प्रदेश कार्यालय पर मिठाई बांटी और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रभारी श्याम जाजू ने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार की अटल व अड़िग इच्छा शक्ति का प्रतीक है।

तमाम अड़चनों के बाद भी केंद्र सरकार ने यह विधेयक पारित किया है। सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि यह विधेयक एक ऐतिहासिक निर्णय है। तीन तलाक को तलाक असल मायने में आज मिला है। सदियों से यह प्रथा चली आ रही थी। सामाजिक असमानता के रूप में मुसलिम महिलाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी इसे सहन करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को किसी तरह का कोई अन्याय नहीं सहना होगा क्योंकि केंद्र में मोदी सरकार है। वहीं, भाजपा नेता विजय गोयल ने अपने आवास पर मुसलिम महिलाओं के साथ इस विधेयक के पास होने पर खुशी जाहिर की।

## जनता से वसूले सात हजार करोड़ लौटाए सरकार : भाजपा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

दिल्ली सरकार ने भाजपा के दबाव में आकर बिजली के दामों में कमी की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि अब तक बिजली कंपनियों ने दिल्ली वालों से 7 हजार करोड़ रुपए की वसूली की है। दिल्ली सरकार यह पैसा आजनता को लौटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करके दिल्ली सरकार ने बिजली कंपनियों की लूट को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इस कमी को दिल्ली सरकार का चुनावी हथकंडा बताया है। उन्होंने कहा कि इस कमी से साफ है कि दिल्ली सरकार टैरिफ की मदद से बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचा रही थी और इसकी आड़ में बड़ा बिजली घोटाला किया गया है।



वहीं, विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि फिक्स चार्ज घटवाने के लिए भाजपा का संघर्ष रंग लाया है। इस 28 माह के कार्यकाल में बिजली कंपनियों ने 10 हजार करोड़ रुपए की लूट की है। उन्होंने कहा कि इस पैसे का हिसाब दिया जाए और 28 माह में वसूली गई इस धनराशि को जनता को वापस लौटाया जाए।

## युवक ने की आत्महत्या, ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 31 जुलाई।

सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गांव में रहने वाले युवक ने पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों के उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव कमरे में लटका मिला। मृतक की पहचान नंद किशोर (26) के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में युवक ने पत्नी और ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर लिया है। युवक सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गांव में किराये पर रहता था। युवक की शादी पांच साल हुई थी। मंगलवार रात युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया है।

## अगस्ता घोटाले में फंसा पेच

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआई हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। एजंसी ने पुरी पर गवाहों को धमकाने का आरोप भी मढ़ा। प्रवर्तन निदेशालय ने यह दावा पुरी की ओर से दायर अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान विशेष जज अरविंद कुमार के समक्ष किया। ईडी ने पूछताछ के लिए पुरी की हिरासत मांगी। अदालत ने अर्जी पर दलीलें अधूरी रहने के बाद पुरी को गिरफ्तारी से मिला अंतरिम संरक्षण गुरूवार तक बढ़ा दिया। एजंसी ने कहा कि यहां तक कि गत कुछ दिनों के दौरान जब उन्हें अदालत के आदेश के तहत गिरफ्तारी से संरक्षण मिला हुआ था, वह सहयोग नहीं कर रहे थे। जब वह प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए तब उन्होंने कोई जबाव नहीं दिया। पुरी ने अपनी अग्रिम जमानत अर्जी में दावा किया कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं और एजंसी उन्हें राजनीतिक बदले की कार्रवाई के चलते गिरफ्तार करना चाहती है।

## राजपथ पर सुतली बम से विस्फोट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

राजपथ पर बुधवार रात सिक्किम के एक युवक ने ताबड़तोड़ सुतली बम फोड़ना शुरू कर दिया। सुरक्षाकर्मियों ने उसे काबू किया और स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

संसद मार्ग थाना में आइबी, एनआइए और स्पेशल सेल सहित देश की अन्य प्रमुख सुरक्षा एजंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। पुलिस के अतिरिक्त प्रवक्ता अनिल कुमार मित्तल का कहना है कि हिरासत में लिया गया 29 साल के मिजोरम शुब्बा के हाथ में राष्ट्रीय झंडा और कुछ दस्तावेज भी थे। शुरुआती पूछताछ में युवक ने यह बयान दिया कि वह चाहता है कि राष्ट्रीय झंडा हर किसी को मुफ्त में वितरित किया जाए। इसके लिए उसने राजपथ पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसा किया था। उसने राजपथ के सुनसान इलाके को चुना लेकिन भीड़ होने के कारण वह तुरंत नजर में आ गया और पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## हवाई अड्डे से 10 किलोग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

मोजाम्बिक की एक महिला को दिल्ली हवाई अड्डे पर 10 किलोग्राम हेरोइन ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि महिला हेरोइन को पाइप में छुपाकर ले जा रही थी, जिसकी कीमत लगभग 45 करोड़ रुपए है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय के अनुसार विदेशी महिला इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से मंगलवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल-3 पहुंची थी, जहां उसे 'एयर इंटेलिजेंस यूनिट' और 'एयर कस्टम्स प्रिवेंटिव' के अधिकारियों ने रोका और उसके बैग की तलाशी लेने पर प्लास्टिक के बने दो पाइप में से हेरोइन बरामद हुई।

## डॉक्टरों का विरोध जारी, आज हड़ताल की घोषणा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) बिल के खिलाफ दिल्ली में डॉक्टरों का विरोध जारी है। डॉक्टरों ने गुरुवार को हड़ताल करने की घोषणा की है। चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध कर काम किया। बुधवार को असपताल खुले रहे। एम्स, एलएनजेपी, जीबीपंत में ओपीडी की पर्चियां बनीं और इलाज हुआ। हालांकि इस बाबत विरोध कम नहीं हुआ है। दिल्ली के रेजिडेंट्स डॉक्टर्स ने इसके खिलाफ अब गुरुवार को हड़ताल का एलान किया है। एम्स में गुरुवार को सुबह आठ बजे से ये डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे।

**स्वच्छता मिशन** प्रारूप के तौर पर सेक्टर-50 बाजार में शुरू हुई सुविधा

## महिलाओं के लिए बनेंगे छह गुलाबी शौचालय

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 31 जुलाई।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में बने 80 शौचालयों में महिला और पुरुष, दोनों के लिए अलग व्यवस्था होने का भले ही दावा किया गया है लेकिन वास्तविक हालात ऐसे हैं कि ज्यादातर महिलाएं या युवतियां इनके इस्तेमाल से परहेज करती हैं। विषम परिस्थिति में जो महिलाएं इन्हें इस्तेमाल भी करती हैं, उनके साथ पुरुष साथी या परिजन को जाना पड़ता है। माना जा रहा है कि सड़क किनारे बने इन शौचालयों पर और उसके आसपास अधिकांश पुरुषों की मौजूदगी महिलाओं को असहज करती है। नोएडा की नवनियुक्त सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर शहर में छह गुलाबी शौचालय बनाए जाएंगे। प्रारूप के तौर पर सेक्टर-50 बाजार में गुलाबी शौचालय चालू हो गया है। गुलाबी शौचालय का प्रयोग केवल महिलाएं करेंगी। इसके अलावा सेनेटरी नैपकिन, माताओं के लिए अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए और महिला सुरक्षाकर्मी जैसी सुविधाएं मिलेंगी।



फाइल फोटो

शहर के व्यस्तम बाजारों में इन्हें बनाया जाएगा। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने गुलाबी शौचालयों के लिए सेक्टर-18 पुलिस बूथ के पास, गार्डन गलैरिया मॉल और डीएलएफ मॉल के बीच बने फुट ओवर ब्रिज के पास, सेक्टर-74 नॉर्थ आई इमारत के पास, इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पार्किंग स्थल, सेक्टर-63 के मुख्य पार्किंग स्थल और सेक्टर-135 में चिह्नित किया है। गुलाबी शौचालयों का निर्माण वही निजी एजंसी करेगी, जिसने पिछले डेढ़ साल में मुख्य मार्गों और बाजारों के आसपास 80 सार्वजनिक शौचालय बनाए हैं। सार्वजनिक शौचालय की तर्ज पर गुलाबी शौचालय बनाने वाली एजंसी विज्ञापन के जरिए निर्माण एवं रख-रखाव की धनराशि वसूल करेगी। 10 साल की अवधि के बाद इन शौचालयों को प्राधिकरण को सौंपना होगा। अगले दो महीने के भीतर इन शौचालयों को तैयार करने का दावा किया गया है।

- गुलाबी शौचालय में सेनेटरी नैपकिन, बच्चों के स्तनपान और महिला सुरक्षाकर्मी की होगी सुविधा
- सड़क किनारे और व्यस्त बाजारों में बने 80 सार्वजनिक शौचालय के इस्तेमाल से महिलाएं करती हैं परहेज

## हरियाणा में भाजपा के खिलाफ महागठबंधन की तैयारी

फरीदाबाद, 31 जुलाई (जनसत्ता)।

पूर्व मंत्री और दिग्गज कांग्रेस नेता विधायक करण सिंह दलाल ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ महागठबंधन बनाने के संकेत दिए हैं। गठबंधन की अगुआई पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा करेंगे। दलाल ने ये ऐलान एक प्रेसवार्ता में किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ दल भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। कांग्रेस कई पार्टियों के गठबंधन के सिद्धांत पर काम कर रही है। हरियाणा में भाजपा जो 75 पार का नारा दे रही है वो 75 किलोमीटर भी नहीं चल पाएगी। कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई के ठिकानों पर हुई छापेमारी पर दलाल ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रच रही है। भाजपा ने हरियाणा के 14 नेताओं की सूची तैयार कर रखी है, जिनके आवासों पर आने वाले दिनों में जांच एजंसियां छापेमारी करेंगी।

दलाल ने कहा कि कोई ये न समझे कि हम घर बैठे हैं। हम अपने काम पर लगे हुए हैं। मैंने पहले भी कहा था कि खिचड़ी पक रही है। हम किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में नहीं आने देंगे। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में ऐसा गठबंधन सामने आएगा, जिसके बाद भाजपा कहीं टिक नहीं पाएगी। यह गठबंधन भाजपा को दफनाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन का चेहरा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। इस गठबंधन में कांग्रेस के साथ अन्य दलों को शामिल किया जाएगा। गठबंधन में कौन-सी पार्टियां शामिल होंगी, ये जल्द ही सामने आएगा। कांग्रेस विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के बेटे और कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ आयकर विभाग की हो रही कार्रवाई पर कहा कि भाजपा जांच एजंसियों की ओर से छापेमारी करवा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा करेंगे अगुआई

# आजादी का दायरा

आखिर तीन तलाक निषेध विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। इसे लेकर विपक्षी दलों ने विरोध में कई तर्क दिए, पर संसद सदस्यों का बहुमत इसके पक्ष में था। प्रधानमंत्री ने इस कानून को मुसलिम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। इससे मुसलिम महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का हक मिल सकेगा। दरअसल, पिछले साल जब अनेक मामलों में देखा गया कि कुछ पुरुषों ने जुबानी या फिर मोबाइल फोन संदेश के जरिए तीन बार तलाक बोल कर अपनी पत्नी से छुटकारा पा लिया और फिर उन्हें अपने हाल पर छोड़ जाते हैं, तो इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी गंभीर चिंता जताई थी। तभी केंद्र सरकार ने इस मामले में सख्त कानून की रूपरेखा तैयार की, पर उसके कुछ पक्षों पर कई लोगों को एतराज था। इस कानून में मनमाने ढंग से तलाक देने वालों को तीन साल तक की सजा का प्रावधान है। तलाकशुदा महिलाओं के भरण-पोषण का खर्च अब अदालतें तय करेंगी। इस पर कुछ मुसलिम नेताओं का कहना था कि मुसलिम समुदाय में शादी चूंकि एक अनुबंध होती है, इसलिए उस पर दंडात्मक प्रावधान नहीं लगाया जा सकता। फिर यह भी कि जब तलाक देने वाले पुरुष को तीन साल की कैद की सजा हो जाएगी, तो तलाकशुदा महिला और उसके बच्चों के भरण-पोषण का खर्च कौन उठाएगा! मगर इन तर्कों को संसद के बहुसंख्य सदस्यों ने अस्वीकार कर दिया।

यह ठीक है कि अलग-अलग धर्मों में विवाह की अलग-अलग रीतियां हैं, विवाह नामक संस्था को सुरक्षित रखने के लिए अलग-अलग सामाजिक नियम-कायदे हैं। पर हकीकत यह भी है कि अब विवाह संबंधों में विच्छेद के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। मुसलिम समुदाय में चूंकि पति-पत्नी के अलग होने का नियम बहुत आसान है, इसलिए वहां इस मामले में अनेक मनमानियां भी देखी जाती हैं। हालांकि वहां भी तलाक का एक नियम है, पर कुछ लोग उसका इस कदर दुरुपयोग करते देखे गए कि उन्होंने निर्धारित नियमों का पालन करना जरूरी नहीं समझा। विचित्र है कि इस मामले में दखल देने वाले मौलवी वगैरह का रवैया भी पक्षपातपूर्ण ही देखा गया। इसकी वजह से तलाक का मतलब यह होता गया कि कोई भी व्यक्ति बस किसी भी तरह तीन बार तलाक बोल कर अपनी पत्नी से छुटकारा पा लेता है। इसमें कई ऐसे भी मामले देखे गए जब किसी व्यक्ति ने दूसरी महिला से संबंध होने के बाद अपनी पत्नी को तीन बार तलाक का संदेश भेज कर अपने को उससे अलग कर लिया। ऐसी मनमानी से उन महिलाओं पर क्या गुजरती होगी, जिन्हें उनके शौहर बेसहारा छोड़ गए, अंदाजा लगाया जा सकता है।

इसलिए कड़े कानून की जरूरत महसूस की जा रही थी कि इस्लाम में तीन तलाक के प्रावधान का बेजा लाभ उठाने वालों पर नकेल कसी जा सके। उन महिलाओं को इंसाफ दिलाया जा सके, जिन्हें भरण-पोषण के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। अब ऐसे मामले दूसरे धर्मों की तरह अदालत में ही निपटाए जा सकेंगे। मजिस्ट्रेट तय करेंगे कि तलाकशुदा महिला को भरण-पोषण का खर्च कितना मिलना चाहिए। सिर्फ मेहर की रकम से उसका निपटारा नहीं माना जा सकता। ऐसा कानून कई इस्लामिक देशों में भी लागू है, इसलिए भारत में इसे किसी सियासी नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। इस कानून के बनने के बाद माना जा रहा है कि समान नागरिक संहिता की दिशा में कदम बढ़ाने का रास्ता खुल गया है।

# इंसाफ की राह

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बलात्कार पीड़ित युवती के साथ जिस तरह के वाकये हो रहे हैं, उससे जाहिर है कि इंसाफ की राह में किस-किस तरह की अड़चनें पैदा की जा सकती हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि एक तरफ बलात्कार के बाद युवती हर स्तर पर न्याय की गुहार लगा रही थी और दूसरी तरफ परिवार सहित उसे बेहद त्रासद हालात का सामना करना पड़ रहा था। आरोपी विधायक की ओर से लगातार मिलने वाली धमकियों के बाद हाल ही में थक कर युवती ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर मदद की गुहार लगाई थी। लेकिन चार दिन पहले जब कथित हादसे में उसके परिवार की दो महिलाएं मारी गईं और वह खुद बुरी तरह घायल होकर मौत से लड़ रही है, तब जाकर संबंधित पक्षों की सक्रियता दिख रही है। मामले के तूल पकड़ने के बाद अब केंद्र सरकार ने इस हादसे की जांच सीबीआइ को सौंप दी है, जिसने आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और अन्य दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि पीड़िता जिस कार में सवार थी उसे रायबरेली जाते हुए जिस ट्रक ने टक्कर मारी थी, उसकी नंबर प्लेट काले रंग से पुती होने और पीड़िता की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के न होने का ब्योरा सामने आया है। इससे यह शक स्वाभाविक है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। लेकिन हैरानी की बात है कि शुरुआती तौर पर पुलिस की ओर से इसे एक सामान्य हादसे के रूप में ही पेश करने की कोशिश की गई। जबकि युवती के खिलाफ होने वाले अत्याचार से लेकर अब तक जो भी हालात सामने रहे हैं, उनसे साफ है कि उसके लिए इंसाफ के रास्ते में बड़ी बाधाएं खड़ी करने की कोशिश हो रही है। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश सरकार पर इस प्रकरण में नर्म रुख अख्तियार करने के आरोप लग चुके हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही विपक्षी दल आरोपी को संरक्षण देने और उसे बचाने की कोशिश के आरोप लगा रहे हैं। इससे पहले जब युवती ने अपने बलात्कार का मामला सार्वजनिक किया था और प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, तब पुलिस ने न केवल उचित कदम नहीं उठाए, बल्कि उसके पिता को हिरासत में ले लिया था, जहां उनकी मौत हो गई। इस मामले में भी पुलिस पर यातना देने के आरोप लगे थे।

अफसोसनाक यह है कि निराशा में जब युवती ने मदद की उम्मीद में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को पत्र लिखा, तो वह भी समय पर सही जगह नहीं पहुंच सका। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर पीड़ित कमजोर पृष्ठभूमि से हो तो उसके लिए इंसाफ की राह में किस-किस तरह की अड़चनें सामने आ सकती हैं। स्वाभाविक ही मामले के संज्ञान में आने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के महासचिव से पूछा कि शीर्ष अदालत के नाम लिखी गई चिट्ठी उनके सामने अब तक क्यों पेश नहीं की गई। इस समूचे मामले में पीड़िता और उसके परिवार को तकलीफदेह त्रासदी का सामना करना पड़ रहा है और इतना तय है कि इंसाफ की राह में इस मामले को एक कसौटी की तरह देखा जाएगा। इसलिए अब सरकार को पहल कर-के पीड़िता के हक में इंसाफ सुनिश्चित करना चाहिए, चाहे इसके लिए उसे कितना भी सख्त कदम क्यों न उठाना पड़े।

## कल्पमेधा

यदि मनुष्य सीखना चाहे तो प्रत्येक भूल उसे
कुछ न कुछ शिक्षा दे सकती है।
-चार्ल्स डिकेंस

# चुनौती देती बीमारियां

अभिजीत मोहन

**भारत की आधी से अधिक आबादी श्वास संबंधी रोगों और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों से ग्रस्त है। ऐसे में कहना गलत नहीं कि भारत दुनिया की सर्वाधिक बीमारियों का बोझ उठाने वाले देशों में शुमार हो चुका है और अगर बीमारियों पर काबू नहीं पाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब विश्व में भारत की पहचान एक बीमारू देश के रूप में होगी।**

यह तथ्य चिंतित करने वाला है कि देश में हृदयाघात से होने वाली मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। एक आंकड़े के मुताबिक इस समय देश में चौवन लाख लोग दिल की गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। दिल के मरीजों की तादाद हर साल बढ़ रही है। हृदयाघात की बीमारी कई अन्य गैर संचारी रोगों को जन्म दे रही है। पुणे स्थित चेस्ट रिसर्च फाउंडेशन और नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ जिनेमिक्स एंड इंटीग्रेटेड बायोलॉजी ने इस बात का खुलासा किया कि भारत की आधी से अधिक आबादी श्वास संबंधी रोगों और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों से ग्रस्त है और प्रतिदिन तकरीबन साढ़े तीन करोड़ लोग डॉक्टरों के पास स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के निदान के लिए पहुंच रहे हैं। यह निष्कर्ष आठ सौ से ज्यादा शहरों में व्यापक अध्ययन के बाद निकाला गया है।

अध्ययन में पता चला है कि देश की इक्कीस फीसद आबादी हृदय रोगों और उच्च रक्तचाप की चपेट में है। फेफड़ों की बीमारियों के अलावा दमा और ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों के मरीजों की तादाद बढ़ने का भी जिक्र इस अध्ययन में किया गया है। विश्व की कुल 7.3 अरब की जनसंख्या के मुकाबले भारत की 1.2 अरब की आबादी में दुनिया भर में होने वाली सालाना मौतों की अठारह फीसद मौतें भारत में होती है। संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हो चुका है कि असंक्रामक बीमारियों (हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर) की वजह से आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर तकरीबन 6.2 खरब डॉलर (इकतालीस लाख करोड़ रुपए) खर्च होंगे। यह रिपोर्ट शहरी आबादी के स्वास्थ्य से विकास पर पड़ने वाले असर पर आधारित है।

बढ़ता शहरीकरण, कामकाज तथा जीवनशैली की स्थितियां ही घातक बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि सन 2014 से 2050 के बीच भारत में चालीस करोड़ से ज्यादा आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते भारत के शहरों में अनियोजित विकास की जो तस्वीर उभरेगी, वह सामाजिक व वातावरण के लिहाज से खतरनाक होगी। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में सालाना होने वाली कुल मौतों में से छह फीसद लोगों की मौत कैंसर से होती है जो दुनिया भर में कैंसर से होने वाली कुल मौतों का आठ फीसद है। इसी तरह भारत में छह करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। भारत की आधी से अधिक आबादी श्वास संबंधी रोगों और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों से ग्रस्त हैं। ऐसे में कहना गलत नहीं कि भारत दुनिया की सर्वाधिक बीमारियों का बोझ उठाने वाले देशों में शुमार हो चुका है और अगर बीमारियों पर नियंत्रण नहीं लगा तो वह दिन दूर नहीं जब विश्व में भारत की पहचान एक बीमारू देश के रूप में होगी।

जनवरी 2015 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूटीओ) ने खुलासा किया था कि विश्व में गैर संक्रामक रोगों से मरने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दुनिया भर में हर वर्ष डेढ़ करोड़ लोग कैंसर, मधुमेह और हृदयाघात जैसे गैर संक्रामक रोगों की वजह से मर जाते हैं। अगर समय से इलाज उपलब्ध हो तो इनमें से अधिकांश लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में गैर संक्रामक रोगों से तीस से सत्तर साल के बीच लोगों के मरने की आशंका 26.2 फीसद से भी अधिक हो गई है। तुलनात्मक रूप से यह आंकड़ा दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कुछ देशों की तुलना में बेहद खराब है। डब्ल्यूटीओ के मुताबिक पी-5 देशों (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) में केवल रूस की स्थिति (29.2 फीसद के साथ) भारत से अधिक खराब है। साल 2012 में भारत में 52.2 फीसद लोगों की मौत गैर संक्रामक रोगों से हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माना है कि गैर संक्रामक बीमारियों में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और सांस लेने में परेशानी संबंधी प्रमुख चार बीमारियां हैं।

कुछ साल पहले जब डब्ल्यूटीओ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा लोगों की जीवनशैली में सुधार लाने के लिए व्यापक समझौते पर सहमति बनी थी तो उम्मीद जगी थी कि



गैरसंचारी रोगों का जोखिम कम होगा। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस दिशा में अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर गैरसंचारी रोगों पर नियंत्रण की दिशा में पर्याप्त कदम नहीं उठाया गया तो 2020 के अंत तक मरने वाले लोगों की तादाद छह करोड़ से पार पहुंच सकती है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का मानना है कि इक्कीसवीं शताब्दी में गैरसंचारी रोगों पर नियंत्रण सबसे बड़ी चुनौती है। तेजी से बदल रही जीवनशैली, खानपान और शारीरिक कसरत की कमी के कारण आज जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। इन भयंकर रोगों से लाखों लोग काल के गाल में समा रहे हैं। आज गैर संक्रामक रोगों की वजह से विश्व की एक तिहाई आबादी की जिंदगी समय से पहले खत्म हो जा रही है। कैंसर, मधुमेह, हृदय, श्वास रोग और मानसिक रोगों जैसे गैर संक्रामक रोगों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए अभी तक कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।

विडंबना यह है कि हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और मस्तिष्क आघात से मरने वाले लोगों की सर्वाधिक संख्या भारत में ही है। हालांकि भारत सरकार गैर संक्रामक रोगों से निपटने के लिए भारी धनराशि खर्च कर रही है लेकिन उसके अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिल रहे हैं। अगर इन बीमारियों पर जल्द ही नियंत्रण नहीं किया गया तो ये गंभीर स्थिति का रूप धारण कर सकती हैं। सरकार की कोशिश यह है कि तीस वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों में गैरसंचारी रोगों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरूकता पैदा की जाए और व्यापक स्तर पर उनका शारीरिक परीक्षण किया जाए। निस्संदेह यह एक सार्थक पहल है। अगर इस योजना को आकार दिया जाए तो देश की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी।

भारत के महापंजीयक की रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि देश के पैंतीस से चौंसठ वर्ष आयु वर्ग के लोगों में बयालीस फीसद मौतों की वजह गैर संचारी रोग हैं। ऐसा माना जाता है कि कैंसर के रोगी का जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा, वह उतना ही लाभकारी होगा। पिछले कुछ सालों में कैंसर रोगियों के उपचार के लिए नई तकनीक और दवाइयां ईजाद हुई हैं। लेकिन ये दवाइयां इतनी ज्यादा महंगी हैं कि हर मरीज की पहुंच से बाहर हैं।

आज गांवों में स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढांचा पूरी तरह चरमरा चुका है। गांव में स्थापित अस्पताल जर्जर हैं। न तो वहां डॉक्टर हैं और न ही दवाइयां। ऐसी स्थिति में भला गैर संक्रामक रोगों से कैसे निपटा जा सकता है! विडंबना यह है कि गांव के लोगों को तब तक गैर संचारी रोगों के बारे में जानकारी नहीं होती जब तक कि वे पूरी तरह चपेट में नहीं आ जाते हैं। जब उन्हें जानकारी मिलती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। चूंकि गांवों में इनके इलाज की सुविधा नहीं होती है, लिहाजा उन्हें शहर की ओर रुख करना पड़ता है। आज जरूरत तो इस बात की है कि भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं गैर संचारी रोगों से निपटने के लिए समन्वित रूप से ठोस कार्यक्रम तैयार करें। गैर संक्रामक रोगों का बढ़ता दायरा न सिर्फ जिंदगी को मौत में बदल रहा है, बल्कि सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए भी चुनौती है।

# अनजाने का अंदेशा

चंद्रकुमार

## दुनिया मेरे आगे

पिछले दिनों बीता सप्ताह मानव के चांद पर पहुंचने के पचासवें वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। अमेरिका और रूस के बीच अंतरिक्ष और फिर चांद पर पहुंचने की होड़ तब चरम पर थी। अंतरिक्ष में मानव को पहुंचा कर वापस धरती पर सुरक्षित लाने में जहां रूस ने बाजी मारी, वहीं चांद पर मानव को सफलतापूर्वक पहुंचाने और सुरक्षित धरती पर लाने का श्रेय अमेरिका को मिला। दोनों देशों की होड़ या कहें प्रयासों से मानव जाति को नए आयाम मिले। अमेरिका का अपोलो अभियान इस मायने में महत्त्वपूर्ण माना जा सकता है कि एक परीक्षण उड़ान के दौरान तीन अंतरिक्ष यात्रियों को यान में ही जल कर खाक होते देखने के बावजूद 'नासा' ने यह अभियान जारी रखा और आखिरकार चांद पर अमेरिकी झंडा फहराने में कामयाबी पाई। उस वक्त दुनिया की खुशी का अंदाजा ही लगा सकते हैं, जब परियों की कथाओं को हकीकत बनाते हुए हमने चांद पर कदम रखा।

चांद पर पहुंचने के बाद नील आर्मस्ट्रांग ने इसे 'मानव का एक छोटा कदम और मानवता के लिए एक बड़ी छलांग' कहा। इस सफलता ने अंतरिक्ष विज्ञान में हमारी दिलचस्पी बढ़ा दी। नील आर्मस्ट्रांग, बज अल्ड्रिन और माइकल कॉलिंस पूरी दुनिया में जाने-पहचाने नाम बन गए। धरती पर लौटने पर दुनियाभर के देशों में उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के लिए यह अपने पूर्ववर्ती जॉन एफ केनेडी के उस सपने को साकार होते देखना था, जिसकी सार्वजनिक घोषणा केनेडी ने सन 1962 में ही कर दी थी। अंतरिक्ष अभियानों के खतरे भी बड़े होते हैं। लांच पैड से उठते ही यान के जल कर खाक होने का सामना तो 'नासा' अपनी एक परीक्षण उड़ान में कर ही चुका था, लेकिन बीच रास्ते किसी अनदेखी अनहोनी, यान का नियंत्रण खोना या यान से संपर्क टूटना, चंद्रमा की सतह पर उतरते वक्त कोई दुर्घटना या ऐसी ही अनेक परिस्थितियों का सामना करना अभी बाकी था। इसलिए मिशन-कंट्रोल दल पल-पल की खबर ले रहा था, ताकि अपने जांबाजों को सकुशल वापस लाया जा सके। इसे चमत्कार ही माना जाए कि जिस तरह कागज पर पूरी योजना बनाई गई, असल अभियान उसी के अनुरूप सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

हाल ही में कुछ गोपनीय दस्तावेजों के सामने आने से खुलासा हुआ है कि राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के लिए भाषण लिखने वाले विलियम सैफायर ने एक संदेश अनजाने अंदेशे को ध्यान में रख कर भी लिखा था। अगर किसी कारणवश नील आर्मस्ट्रांग और बज अल्ड्रिन का चंद्रयान चंद्रमा की सतह से वापस उड़ान न भर पाता या अपने अंतरिक्ष यान से न जुड़ पाता तो उस स्थिति में उनका पृथ्वी पर लौटना मुमकिन नहीं होता। चंद्रमा पर फंसे रहने पर उनके पास इतने साधन नहीं होते कि वे ज्यादा दिन जीवित रह पाते। उन्हें वहां तड़प कर मरना होता। तब देशवासियों, आर्मस्ट्रांग और अल्ड्रिन के परिवारों को राष्ट्रपति निक्सन द्वारा सांत्वना देने के लिए एक भावपूर्ण संदेश तैयार कर अमेरिकियों ने उस दुखद घटना से निपटने की भी तैयारी कर रखी थी। लेकिन उनकी सकुशल वापसी ने वह अंदेशा खत्म कर दिया।

अंतरिक्ष अभियान जैसे बेहद जोखिम भरे कार्यों में त्रुटिरहित और वैकल्पिक योजनाओं के बावजूद अंदेशा बना रहता है। यह बिल्कुल हमारे जीवन जैसा ही है, जहां अगले पल तक का हमें पता नहीं होता। लेकिन क्या कभी हम अपने जीवन में अनजाने अंदेशों को स्वीकार कर इस तरह योजनाएं बना पाते हैं कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें? मानवता की बड़ी छलांग माने जाने वाले इस अभियान से हमें बेहतरीन तैयारी, जबर्दस्त मानसिक ताकत, प्रतिकूलताओं से भिड़ने का जज्बा और अपनी सोच को साकार होते देखने जैसे अनेक सुखद परिणाम मिलते हैं। अगर हम ठान लें और पूरी शिद्दत से तैयारी करें तो असंभव कुछ भी नहीं होता।

हमें जो भय पीछे खींचता है, वह दरअसल उस अनजाने का अंदेशा है, जिसे हम अपनी योजना में शामिल नहीं करते। विकट परिस्थितियों में मानसिक बल द्वारा हमें अपने भय पर विजय पानी होगी, तभी हम असीम सुख प्राप्त कर पाएंगे। अशांत मानसिक अवस्था हमें न केवल कमजोर कर देती है, बल्कि हमारी ऊर्जा भी उस सोच में खपा देती है, जिसका हासिल कुछ नहीं होता। जीवन में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमें अपनी आंतरिक ऊर्जा के स्रोत को हर हाल में बचाए रखना होगा और उसी के लिए अनजाने अंदेशों को हकीकत मान कर उनसे सामना करने का हौसला हासिल करना होगा। मानसिक संबल किसी भी तरह के संताप को समाप्त करने का सबसे बड़ा हथियार है। विषमताओं और विकट परिस्थितियों का सामना किए बिना हमें कभी भी अपने जीवन का श्रेष्ठ हासिल नहीं होता। जीवन के असमतल, अनदेखे, अनजाने मैदान को फतह करने का अगर कोई एक सूत्र है तो वह अंदेशों के पार झांक कर उस पर काबू पाने की क्षमता ही होगी जो हमें असीम मात्रा में प्राप्त है। हमें बस अपने आगे आ रहे अवरोधों को पार करना होगा।

## आखिर इंसाफ

तीस जुलाई 2019 का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। तीन तलाक विधेयक को राज्यसभा ने अपनी मंजूरी दे दी। लोकसभा से इसे पहले ही मंजूरी मिल गई थी। सचमुच, महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया यह एक अभूतपूर्व कदम है! तुष्टिकरण के चलते जो चिरप्रतीक्षित न्याय पिछली सरकारें नहीं दे पाई थीं, वह वर्तमान सरकार ने मुसलिम महिलाओं को दिला दिया है। विश्व के सबसे बड़े प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में 'तीन तलाक' का प्रावधान सच में एक बदनुमा दाग था जिसे अब हमारी संसद के दोनों सदनों ने बहुमत से साफ कर दिया है। देर आयद, दुरुस्त आयद। तीन तलाक प्रकरण पर पहले भी खूब विचार-मंथन हुआ था। शाहबानो के मामले से इस प्रकरण को जोड़ कर देखा जाए तो साफ होगा कि वर्तमान सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छा-शक्ति के चलते मुसलिम महिलाओं को इस कानून से बड़ी राहत पहुंचाई है।

दरअसल, शाहबानो का मामला अपनी किस्म का इकलौता ऐसा मामला था जहां सत्तापक्ष ने उच्चतम न्यायालय के एक महत्त्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय को संविधान-संशोधन द्वारा बदलवा दिया था। नारी की अस्मिता, आत्म-निर्भरता, स्वतंत्रता और सशक्तिकरण का दम भरने वाले सत्तापक्ष ने कैसे मुसलिम वोटों की खातिर देश की सबसे बड़ी अदालत को नीचा दिखाया, यह इस प्रकरण से जुड़ी बातों से स्पष्ट होता है। बात कांग्रेस के शासन-काल की है जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री हुआ करते थे। गौरतलब है कि शाहबानो से उसके शौहर ने तीन बार 'तलाक' कह कर पिंड छुड़ा लिया था। शाहबानो ने अपने शौहर को कोर्ट में घसीट लिया कि ऐसे कैसे तलाक दोगे, गुजारा भत्ता दो! मियांजी बोले कि काहे का गुजारा भत्ता? शरीयत में जो लिखा है उस हिसाब से मेहर की रकम लेकर चलती बनो! शाहबानो कोर्ट में चली गईं। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक गया और उसने शाहबानो के हक में फैसला सुनाते हुए उनके शौहर को हुक्म दिया कि अपनी बीवी को गुजारा भत्ता दे। यह सचमुच एक ऐतिहासिक फैसला था।

सर्वोच्च न्यायालय ने सीधे-सीधे शरीयत के खिलाफ एक मजलूम औरत के हक में फैसला सुनाया था। देखते-ही-देखते देश के इस्लामिक जगत में हड़कंप मच गया। उस समय की सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी मुसलिम नेताओं और कठमुल्लाओं के दबाव में आ गए और उन्होंने अपने प्रचंड बहुमत के बल पर संविधान में संशोधन कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटवा कर मुसलिम औरतों का हक मारते हुए शरीयत में न्यायपालिका के हस्तक्षेप को रोक दिया। बेचारी शाहबानो को कोई गुजारा भत्ता नहीं मिला। आशा की जानी चाहिए कि 'तीन तलाक' बिल के कानून बन जाने से सदियों से पीड़ित मुसलिम समुदाय की महिलाओं को न्याय के साथ-साथ उनका हक भी मिल जाएगा।

● *शिबन कृष्ण रैणा, अलवर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## आतंक के खिलाफ

कश्मीर में आतंकियों का वित्त पोषण करने वाली जड़ों पर वार होने से वहां की अलगाववादी ताकतें फड़फड़ा रही हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के शिकंजे के कारण आतंकवाद की कमर टूट रही है, यह अच्छी खबर है। देश की पूर्ववर्ती सरकारों ने आतंकवाद को समाप्त करने के लिए इतनी ही सूझबूझ और ताकत दिखाई होती तो न कश्मीर घाटी से पंडितों को पलायन करना पड़ता और न वहां आतंकवाद इतना बढ़ पाता। अब बारी धारा 370 व 35 अ को समाप्त करने की है। सरकार को इस बारे में ठोस निर्णय लेकर कश्मीर को आतंक से मुक्त करना चाहिए।

● *मंगलेश सोनी, मनावर, धार, मध्यप्रदेश*

## जंगल की जगह

हम और हमारी धरती एक खतरनाक स्थिति की तरफ बढ़ रहे हैं। इसी डर ने हमें पेड़ लगाने और पानी बचाने की तरफ मोड़ दिया है। बच्चों की ड्राइंग से गायब होते प्राकृतिक दृश्यों को फिर से बनाने की कोशिश में पौधारोपणउजड़ते जंगलों की जगह लेंगे जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक खुशखबरी बन सकती है। मगर यहीं से हमारी कोशिशों पर कुछ सवाल भी खड़े होते हैं। क्या सचमुच नए जंगल बसाने के प्रयासों में हम ईमानदार हैं? तुलसी या सजावटी पाम जैसे पौधे लगा कर हम कितने घने जंगल बनाने में कामयाब होंगे? तरक्की की देन कंक्रीट के जंगलों ने फलदार और छायादार पौधों के लिए जगह नहीं छोड़ी है। हमें वह जगह तलाशनी होगी जहां हरे वृक्षों के घने जंगल की वसीयत आने वाली पीढ़ी के नाम कर सकें।

● *एमके मिश्रा, रातू, रांची, झारखंड*

## डर के आगे

अपने रेडियो संबोधन 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने साफ कह दिया है कि जो लोग कश्मीर के विकास की राह में रोड़ा बन रहे हैं और नफरत फैलाना चाहते हैं, उनके नापाक इरादे कामयाब होने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री की ओर से ऐसे किसी बयान की आवश्यकता इसलिए थी कि एक तो इन दिनों कश्मीर चर्चा के केंद्र में है और दूसरे, केंद्र सरकार से यह अपेक्षा बढ़ गई है कि वह घाटी को पटरी पर लाने के लिए हरसंभव उपाय करे। गृहमंत्री बनने के बाद से अमित शाह कश्मीर पर खास ध्यान दे रहे हैं। सबको भरोसा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कश्मीर की समस्याओं को सुलझा कर रहेगी। बीते दिनों कश्मीर में सुरक्षा बलों की सौ अतिरिक्त कंपनियां बुलाने के साथ ही वहां राजनीति गरमा गई। बयान सामने आने लगे कि धारा 35 ए को हाथ भी लगाया तो सारा कश्मीर सुलग उठेगा जबकि केंद्र सरकार का कहना है कि ये कंपनियां सिर्फ कश्मीर की सुरक्षा के लिए तैनाती की गई हैं।

कैसी विडंबना है कि एक तरफ केंद्र सरकार आतंकवादियों और अलगाववादियों पर नकेल कस रही है तो दूसरी तरफ घाटी के नेता आतंकवादियों और अलगाववादियों की वफादारी कर रहे हैं। इस सबके बीच मासूम कश्मीरियों की आवाज दब रही है। क्या उन्हें निडर होकर जीने का हक नहीं? आएदिन के आतंकी हमले उन्हें डर की जिंदगी जीने को मजबूर कर रहे हैं। कर्फ्यू या पत्थरबाजी से कश्मीरी बच्चों की शिक्षा पर बहुत बुरा असर पड़ता रहा है। सरकार अब आतंकी वित्त पोषण पर रोक लगाने के सख्त प्रयास लगातार कर रही है जिस कारण पत्थरबाजी कम हुई है। सरकार के कड़े रुख से लगता है कि कश्मीर के हालात जल्द बदलेंगे।

● *राघव जैन, जालंधर*

जनसत्ता
युवा शक्ति
1 अगस्त, 2019 7

## बेहतर प्रशिक्षण पर खासा ध्यान



परिधान उत्पादन, फैशन तकनीक या इससे मिलते-जुलते पाठ्यक्रम में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान पर भी खासा ध्यान दिया जाता है। कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का कौशल विकास किया जाता है। उन्हें शोध करने, बाजार की नब्ज को समझने और उसे आगे बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परिधान उत्पादन से संबंधित सभी आयामों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही पाठ्यक्रम के दौरान अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण कार्य करवाया जाता है ताकि जब ये प्रशिक्षणार्थी संबंधित क्षेत्र में आएं तो आसानी से अपना काम कर सकें।

# जिन्होंने बनाया चांद पर मुकाम

गजेंद्र सिंह

अंतरिक्ष में महिलाएं

चांद के पार जाने की हसरत पालने वालीं दो महिलाओं ने भारत को उस स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया जिसकी दाद हर देश दे रहा है। इसरो के चंद्रयान-2 मिशन से जुड़ीं दो महिलाएं जिन्होंने न केवल उपग्रह को 22 जुलाई को चांद की सतह पर उतारने की जिम्मेदारी संभाली बल्कि उसमें लगने वाले खर्च को भी इतना कम कर दिया कि नासा के वैज्ञानिक भी हैरान हो गए। इस मिशन में शामिल ऋतु करिधल श्रीवास्तव और वनिता मुथैय्या ने दुनिया को बताया कि महिलाएं किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकती हैं। इस मिशन में पहली बार 30 फीसद महिलाओं ने जिम्मेदारी निभाई। यही नहीं, इससे पहले 2012 में अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ था, जिसमें भारत की मिसाइल महिला के नाम से जानी जाने वाली टेसी थॉमस ने जिम्मेदारी संभाली थी।



### वनिता मुथैय्या

चंद्रयान-2 की परियोजना निदेशक वनिता 32 साल से इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान) में काम कर रही हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया था कि वह इस मिशन का नेतृत्व करने से पहले काफी डरी हुई थीं, लेकिन चंद्रयान-1 के परियोजना निदेशक एन अन्नादुरई के समझाने पर वह इसे संभालने को राजी हो गईं। वनिता ने बताया था कि वह इसरो में एक जूनियर इंजीनियर के तौर पर भर्ती हुई थीं। उसके बाद प्रयोगशाला, टेस्टिंग कार्ड, हार्डवेयर बनाना, डिजाइनिंग और डेवलपिंग का काम देखते हुए प्रबंधन के पद तक पहुंची हैं। उनके लिए यह काफी चुनौती भरा काम रहा। चेन्नई में पैदा हुईं वनिथा के पिता और मां भी सिविल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रानिक कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से जुड़े थे, जिससे उनको इस क्षेत्र में काम करने में काफी प्रोत्साहन मिलता रहा। वनिता चंद्रयान-2 मिशन में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम इंजीनियर के तहत डेटा हैंडलिंग सिस्टम की देखरेख करने की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। 2006 में उनको अंतरिक्ष विज्ञान में अधिक कार्यकुशलता के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला वैज्ञानिक का पुरस्कार दिया गया था। वनिता ने इससे पहले डिप्टी परियोजना निदेशक के पद पर रहकर कार्टोसेट-1, ओशियनसेट-2 और मेगा ट्रॉपिक्स मिशन से 2006 में काम किया था।



### ऋतु करिधल श्रीवास्तव

बचपन से ही रॉकेट को लेकर उत्सुक भारतीय रॉकेट वुमन के नाम से जानी जाने वाली ऋतु करिधल श्रीवास्तव ने ठान रखा था कि वह अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक न एक दिन काम करेंगी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की रहने वालीं ऋतु ने बीएससी महिला कॉलेज और एमएससी लखनऊ विश्वविद्यालय से पूरा करने के बाद पीएचडी में प्रवेश ले लिया। छह माह तक काम किया और इसके बाद आइआइएससी बंगलुरु एअरोस्पेस इंजीनियरिंग करने के बाद 1997 में इसरो ज्वाइन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग की प्रोफेसर पूनम टंडन कहती हैं कि ऋतु पढ़ाई में काफी होशियार थीं। उसका मन हमेशा से ही अनुसंधान क्षेत्र में जाने का था। लखनऊ में राजाजीपुरम क्षेत्र में रहने वालीं ऋतु काफी साधारण परिवार से हैं। ऋतु इससे पहले मंगलयान में डिप्टी डायरेक्टर का पद संभाल रही थीं। चंद्रयान-2 में आउटवर्ड एनॉटमी सिस्टम को देखने वालीं ऋतु इसका नेविगेशन नियंत्रित करने की जिम्मेदारी देख रही हैं। इसलिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में सितंबर में रोवर उतारकर शोध होगा, जिसके लिए अब लगातार ऋतु का काम चलता रहेगा। एक साक्षात्कार में ऋतु ने बताया था कि उन्होंने हमेशा से विज्ञान को एक विषय नहीं बल्कि जुनून की तरह लिया है।



### टेसी थॉमस

उपग्रह के अलावा भारत को सामरिक दृष्टि से मजबूत बनाने में भी एक महिला की बड़ी भूमिका है। डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान) की ओर से 2011 में अग्नि-4 मिसाइल और 2012 में अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण कर दुनिया के शक्तिशाली देशों में शुमार होने वाले भारत की इस मजबूती के पीछे परियोजना निदेशक टेसी थॉमस का हाथ रहा। 'मिसाइल वुमन' के नाम से जानी जाने वालीं टेसी थॉमस के निर्देशन में लांच किए गए इस मिसाइल की मारक क्षमता में वृद्धि हुई है और यह परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम है। दक्षिण केरल के एलप्पी में एक छोटे कारोबारी परिवार में पैदा हुईं टेसी थॉमस ने पुणे से पढ़ाई की थी। 1998 में डीआरडीओ में काम शुरू करने के बाद इन्होंने लगातार शोध को समय दिया।

टेसी के बारे में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने कहा था कि 'टेसी थॉमस एक ऐसा उदाहरण हैं जिन्होंने पारंपरिक पुरुषों के गढ़ में अपनी छाप छोड़ी है।' टेसी थॉमस का कहना है कि तकनीक के क्षेत्र में जेंडर भेदभाव नहीं है, अगर आपका काम अच्छा है तो आप आगे बढ़ेंगे। 2008 में टेसी को साल की सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का खिताब मिला था।





# सफलता पाने के लिए बदलें इन आदतों को

परामर्श

हर कार्य को करने से पहले उसके सफल या विफल होने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। कार्य को जारी रखना चाहिए। प्रतिदिन के कार्यों के दौरान हम आदतन कुछ काम ऐसे करते रहते हैं, जिन्हें करते हुए हम न सिर्फ अपने काम को प्रभावित करते हैं, बल्कि खुद तनाव में रहते हैं। यदि हम अपनी ऐसी कुछ आदतों को छोड़ दें तो इसका परिणाम अपने आप ही हमारे कार्य की उत्पादकता पर नजर आएगा।

**गैरजरूरी लोगों के बारे में सोचना :** जिन लोगों के बारे में सोचने से आपके कार्य में कोई तरक्की या आपकी जिंदगी में कोई उपलब्धि नहीं होगी, उनके बारे में सोचकर समय न बर्बाद करें। आपके परिवारजन या दोस्त ही ऐसे लोग हैं, जिनके बारे में असलियत में आपको सोचने की जरूरत है। कई बार लोग किसी अभिनेता, अभिनेत्री या ऐसे किसी इंसान के बारे में सोचने लग जाते हैं जिन तक उनकी पहुंच ही नहीं है।

**फोन चेक करना :** अकसर देखा जाता है कि वार्तालाप के दौरान लोग लगातार अपना फोन चेक करते रहते हैं। यह बहुत ही खराब आदत है। किसी से बात करते समय बार-बार अपने फोन ना देखें। साथ ही उस दौरान किसी के संदेश का जवाब भी न दें। हालांकि ऐसा करने से सामने वाला कुछ नहीं कहेगा, लेकिन अवश्य ही उसे अच्छा नहीं लगेगा और इससे आपकी बातचीत पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



**काम के बीच मेल देखना :** कार्य के बीच में फोन के संदेश या ईमेल देखा भी एक ऐसी आदत है जो आपकी कार्यक्षमता पर विपरीत असर डालती है। हर संदेश, पॉप अप ट्विट या ईमेल को तुरंत देखने की भी कोई जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए। जिस काम को कर रहे हैं, उसे पूरे ध्यान से करें। पहले जो काम कर रहे हैं उसे समाप्त कर लें फिर उन्हें चेक करें।

**अच्छे काम के लिए इंतजार करना :** किसी काम को करने के लिए तब तक इंतजार करना, जब तक आपको यह न लगे कि आप कामयाब हो जाएंगे, यह सोच गलत है क्योंकि आप किसी भी काम को करते समय यह नहीं कह सकते कि आप उसमें कामयाब हो ही जाएंगे। इसलिए काम को शुरू कर देना चाहिए। उसमें सफल होंगे या विफल ये बाद की बात है।

**किसी की बुराई करना :** किसी की बुराई करने से आपकी छवि भी धूमिल होती है। ऐसा करने से कहीं अच्छा है कि आप अपने समय को कुछ रचनात्मक या काम की बातों में लगाएं। इससे न केवल आपके काम में प्रगति होगी, बल्कि आपको दूसरों से सम्मान भी मिलेगा।

**ना कहना भी शुरू करें :** अपने किसी दोस्त या सहकर्मी को कई बार किसी काम के लिए मना करना मुश्किल होता है, लेकिन इसमें कोई बुराई नहीं। ज्यादातर लोग इसे समझेंगे और जो नहीं समझेंगे उनके बारे में ज्यादा सोचने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि आप ना कहेंगे तो आपको थोड़ी देर के लिए बुरा लगेगा, लेकिन यदि आप हां कहेंगे तो आपको ज्यादा समय के लिए बुरा लग सकता है।

युवा शक्ति डेस्क

# परिधान प्रबंधन के क्षेत्र में बुनें बेहतर करिअर

सुशील राघव

युवाओं में ब्रांडेड कपड़ों के प्रति बढ़ते लगाव ने फैशन और परिधान उद्योग को काफी तेजी से बढ़ाया है। फैशन और परिधान उद्योग के बढ़ते दायरे से युवाओं के लिए करिअर के कई नए विकल्प उभरकर सामने आए हैं। इन्हीं में से एक है परिधान प्रबंधन। पहले फैशन उद्योग में केवल डिजाइनिंग का ही विकल्प होता था लेकिन अब परिधान निर्माण के क्षेत्र में काम करने के लगातार मौके मिल रहे हैं। कपड़ों और तकनीक में रुचि रखने वाले युवा फैशन उद्योग का आधार माने जाने वाले परिधान उद्योग का हिस्सा बनकर अपने भविष्य को बेहतरीन आयाम दे सकते हैं। कपड़ों के चयन से लेकर उसकी पूरी तैयारी करना और उत्पादन का काम परिधान उद्योग में ही आता है।

### परिधान प्रबंधक का काम

परिधान प्रबंधक डिजाइन और उत्पादन टीम के बीच सेतु का काम करते हैं। कपड़ों का निर्माण करने के दौरान कर्मचारियों पर नजर रखने के अलावा बेहतर तालमेल बैठाना, कार्य को बेहतरीन ढंग से संचालित करना, कपड़े की गुणवत्ता की जांच करना और उसे बेहतर बनाने से जुड़े काम इन्हीं के जिम्मे होते हैं। खरीददार के साथ कंपनी का समझौता कराने का महत्त्वपूर्ण काम भी इन्हीं को ही करना होता है। कपड़ा व्यापारियों के साथ सामंजस्य बैठाना, नए फैशन या ट्रेंड, डिजाइन व बाजार में होने वाले बदलाव से खुद को वाकिफ रखना परिधान प्रबंधक के कार्य का हिस्सा होते हैं।



अवसर

### योग्यता

परिधान निर्माण, परिधान मर्चेंडाइजिंग या फैशन तकनीक में स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए भौतिक, रसायन और गणित विषयों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। कुछ संस्थानों ने इन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की हुई है। कई अन्य संस्थानों में आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है। मास्टर इन फैशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए बैचलर इन फैशन टेक्नोलॉजी या किसी भी संकाय में बैचलर इन इंजीनियरिंग या बैचलर इन टेक्नोलॉजी की डिग्री जरूरी है।

### पाठ्यक्रम

- बैचलर इन फैशन टेक्नोलॉजी (बीएफटेक)
- बीएससी इन फैशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (बीएससी-एफटेक)
- बैचलर इन अपैरल प्रोडक्शन
- बैचलर इन फैशन मैनेजमेंट
- बैचलर इन फैशन मार्केटिंग
- बैचलर इन अपैरल मर्चेंडाइजिंग
- मास्टर इन फैशन टेक्नोलॉजी (एमएफटेक)

### संस्थान

- राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान; नई दिल्ली, बंगलुरु, भोपाल, चेन्नई, गांधीनगर, हैदराबाद, कन्नूर, कोलकाता, मुंबई, पटना, रायबरेली, कांगड़ा, जोधपुर, भुवनेश्वर और शिलांग
- भरथियार विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- बनस्थली विश्वविद्यालय, जयपुर
- भारतीय फैशन तकनीकी संस्थान, बंगलुरु
- पर्ल एकेडमी, नई दिल्ली, मुंबई, नोएडा, जयपुर
- राष्ट्रीय फैशन डिजाइन संस्थान, चंडीगढ़
- सरदार वल्लभभाई पटेल वस्त्र एवं प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय संस्थान, कोयंबटूर

### बढ़ रही है मांग

जितनी तेजी से परिधान उद्योग बढ़ रहा है और हर दिन नए-नए देशी-विदेशी ब्रांड इस इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। इससे इस क्षेत्र में संभावनाओं के अनके दरवाजे खुल गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2021 तक भारतीय कपड़ा उद्योग का कारोबार 223 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें कई करोड़ लोगों को इस उद्योग में रोजगार मिलेगा।

### वेतनमान

बैचलर डिग्री करने के बाद परिधान उद्योग में कदम रखते ही शुरुआत में चार से पांच लाख रुपए का सालाना पैकेज आसानी से मिल जाता है। अनुभव होने पर किसी भी पेशेवर को 10-15 लाख या इससे ज्यादा का पैकेज मिल सकता है। विदेश में भी संभावनाओं की कमी नहीं है।

## सूचनापट्ट

### दाखिले

**जामिया, दिल्ली**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 से चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसमें दो स्नातकोत्तर और दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम हैं। वहीं, पूर्व में बंद हो चुके चार पाठ्यक्रम में दाखिला फिर से खोला है। जामिया से मिली जानकारी के अनुसार शुरू हो रहे नए पाठ्यक्रमों में बैंकिंग और वित्तीय विश्लेषण में स्नातकोत्तर (40 सीटें), पर्यावरण विज्ञान व इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर (12 सीटें), तुर्की भाषा में एडवांस्ड डिप्लोमा (30 सीटें) और डिप्लोमा इन मॉलिक्युलर डायग्नोस्टिक्स (20 सीटें) पाठ्यक्रम शामिल हैं। जामिया ने पूर्व में बंद हो चुके चार पाठ्यक्रमों में फिर से दाखिला खोल दिया है। विशेष बात यह है कि यह चारों पाठ्यक्रम भी चालू शैक्षणिक सत्र से संचालित होंगे। इन पाठ्यक्रमों में से तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम हैं, जबकि एक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम हैं। इसमें एडवांस्ड डिप्लोमा इन मॉडर्न पर्सियन, एडवांस्ड डिप्लोमा इन पश्तो, डिप्लोमा प्रोग्राम इन उज्बेक और सर्टिफिकेट इन उज्बेक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

**अंतिम तिथि : 7 अगस्त 2019**

**आइपीयू, दिल्ली**

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय ने मास्टर्स ऑफ वोकेशन (एमवॉक) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होगी बल्कि दाखिले योग्यता परीक्षा के आधार पर दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के मुताबिक आइपी विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न संस्थानों में एमवोक की 75 सीटें हैं। एमवोक विश्वविद्यालय में पहली बार शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में तीन विषयों में एमवोक पढ़ाया जाता है। जिसमें ऑटोमोबाइल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और इंटिरियर डिजाइन (छात्राओं के लिए) शामिल हैं।

**अंतिम तिथि : 20 अगस्त, 2019**

**एसओएल, दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में स्नातक पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यहां पढ़ाने जाने वाले पांच पाठ्यक्रमों बीए प्रोग्राम, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र और बीए ऑनर्स अंग्रेजी में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदकों को शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद एसओएल का पहचानपत्र ऑनलाइन ही प्रिंट किया जा सकेगा। विद्यार्थियों को विलंब शुल्क के रूप में 200 रुपए अतिरिक्त देने होंगे।

**अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019**

### प्रवेश परीक्षा

**कैट-2019**

भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आइआइएम) के स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा और शोध पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 24 नवंबर 2019 को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कैट-2019) का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। कैट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त से शुरू होंगे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क के रूप में 950 रुपए और अन्य सभी उम्मीदवारों को 1900 रुपए का भुगतान करना होगा। उम्मीदवार परीक्षा के लिए अपने प्रवेश पत्र 23 अक्तूबर 2019 से डाउनलोड किए जा सकेंगे। यह परीक्षा देश के 156 शहरों में आयोजित होगी।

**अंतिम तिथि : 18 सितंबर, 2019**

### छात्रवृत्ति

**ब्रेनर्स टैलेंट सर्च एग्जाम**

ब्रेनर्स टैलेंट सर्च एग्जाम एक योग्यता सह छात्रवृत्ति परीक्षा है जिसका उद्देश्य 1000 मेधावी विद्यार्थियों को रैंक के आधार पर दो हजार से लेकर एक लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान करना है। चयनित विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम की सुविधा भी प्राप्त होती है। किसी भी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान में पढ़ रहे 14 से 25 साल का कोई भी विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए पंजीकरण करा सकता है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ यह परीक्षा पास करनी होगी। आवेदन ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

**अंतिम तिथि : 7 अगस्त, 2019**

## मानव अंगों के कारोबार पर राज्यसभा में जताई गई चिंता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

देश में मानव अंगों के अवैध कारोबार पर नियंत्रण की मांग करते हुए राज्यसभा में बुधवार को इस बात पर चिंता जताई गई। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए वाईएसआर कांग्रेस के प्रभाकर रेड्डी वेमीरेड्डी ने कहा कि मानव अंगों का कारोबार जिस तरह फलफूल रहा है वह अत्यंत चिंताजनक है। इस धंधे में डॉक्टर, अस्पताल के कर्मी और अन्य लोगों की संलिप्तता चिंताजनक है। वेमीरेड्डी ने मानव अंगों के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया जाए। वहीं मानव अंगों के कारोबार पर नियंत्रण के लिए विधेयक लाने की भी मांग की।

तृणमूल कांग्रेस के मानस रंजन भुइयां ने शारीरिक दिव्यांगता के लिए 50 फीसद का मानक तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि फिलहाल शारीरिक दिव्यांगता के लिए मानक 80 फीसद है। इतनी दिव्यांगता न होने पर व्यक्ति को दिव्यांगों के लिए निर्धारित लाभ नहीं मिल पाते। शून्यकाल में ही मनोनीत सदस्य रामसकल ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में रेलवे लाइन के समुचित अभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिले की सीमा अन्य राज्यों से लगती है और यहां की 48 फीसद आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों की है। उन्होंने सोनभद्र में रेलवे लाइनों के विकास की मांग की। कांग्रेस के डॉ टी सुब्बीरामी रेड्डी ने स्कूलों के आसपास नशीली दवाएं बिकने और विद्यार्थियों के इनकी गिरफ्त में आने पर चिंता जताई।

# जज शुक्ला पर सीबीआइ मामला दर्ज करे : सीजेआइ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

उच्चतर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने निजी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के पीठासीन न्यायाधीश एसएन शुक्ला के खिलाफ सीबीआइ को नियमित मामला दर्ज करने की इजाजत दे दी है। यह पहला अवसर है जब हाई कोर्ट के किसी पीठासीन न्यायाधीश के खिलाफ इस तरह से सीबीआइ को मामला दर्ज करके जांच करने की अनुमति दी गई है।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति शुक्ला के खिलाफ नियमित मामला दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। जांच ब्यूरो ने पत्र में लिखा था कि न्यायमूर्ति शुक्ला के कथित कदाचार का तथ्य पूर्ववर्ती प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा के संज्ञान में लाया गया था और उनकी सलाह पर न्यायाधीश और कुछ अन्य के खिलाफ प्रारंभिक मामला दर्ज किया गया था। जांच ब्यूरो ने नियमित मामला दर्ज करने की अनुमति के लिए लिखे पत्र में प्रधान न्यायाधीश को अपनी प्रारंभिक जांच के बारे में संक्षिप्त नोट के साथ पूरे घटनाक्रम का विवरण दिया था।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने सीबीआइ द्वारा पेश पत्र और दस्तावेजों का संज्ञान लेते हुए जांच ब्यूरो को इसकी अनुमति प्रदान की। प्रधान न्यायाधीश ने लिखा कि मैंने इस विषय में आपके पत्र के साथ लगे अनुलग्नकों पर विचार किया। इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए मैं जांच के लिए नियमित मामला दर्ज करने की अनुमति प्रदान करता हूं। शीर्ष अदालत के अधिकारी ने बताया कि यह पहला अवसर है जब किसी हाई कोर्ट के पीठासीन न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज करने की अनुमति दी गई है।

उच्चतर न्यायपालिका के सदस्यों के खिलाफ पहले भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आए थे और उन्हें पद से हटाने के लिए सरकार से सिफारिश की गई थी लेकिन न्यायाधीश को पद से हटाने की प्रक्रिया कभी भी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच सकी थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने अपनी प्रशासनिक पक्ष की ओर से कार्रवाई करते हुए डेढ़ साल पहले ही न्यायमूर्ति शुक्ला से न्यायिक कार्य वापस ले लिया था। प्रधान न्यायाधीश द्वारा जांच ब्यूरो को हाई कोर्ट के सेवारत न्यायाधीश के खिलाफ कार्यवाही करने की अनुमति देने का फैसला महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे पहले के वीरास्वामी प्रकरण में अदालत ने प्रधान न्यायाधीश को साक्ष्य दिखाए बगैर किसी न्यायाधीश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके जांच करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

## सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

सुप्रीम कोर्ट में मुकदमों के बढ़ते बोझ को देखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 30 से बढ़ा कर 33 करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि अब सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) के अलावा 33 न्यायाधीश होंगे।

जावड़ेकर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि जब जजों की संख्या बढ़ाने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी मिल जाएगी तो प्रधान न्यायाधीश के अलावा जजों की संख्या बढ़ कर 33 हो जाएगी। अदालत में जजों की कुल संख्या सीजेआइ समेत 34 हो जाएगी। अभी शीर्ष अदालत में सीजेआइ समेत 31 न्यायाधीश हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) कानून, 1956 आखिरी बार 2009 में संशोधित किया गया था। जब सीजेआइ के अलावा जजों की संख्या 25 से बढ़ाकर 30 की गई। मंत्रिमंडल का फैसला तब आया है जब प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत में जजों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा था। राज्यसभा में एक सवाल पर 11 जुलाई को विधि मंत्रालय के लिखित जवाब के अनुसार, शीर्ष अदालत में 59,331 मामले लंबित हैं। सीजेआइ ने कहा कि जजों की कमी के कारण कानून के सवालों से जुड़े महत्त्वपूर्ण मामलों में फैसला लेने के लिए आवश्यक संवैधानिक पीठों का गठन नहीं किया जा रहा।

## संजय सिंह भाजपा में शामिल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

कांग्रेस और राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने के एक दिन बाद संजय सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संजय सिंह अपनी पत्नी के साथ भाजपा में शामिल हुए।

संजय सिंह ने कहा कि पूरे देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया है। उन्होंने भी मोदी का समर्थन करने का फैसला किया है। वहीं नड्डा ने कहा कि संजय सिंह के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। अमेठी राजघराने से जुड़े सिंह का अमेठी और आसपास के क्षेत्र में अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। इसमें रायबरेली भी है जो कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का संसदीय क्षेत्र है। सिंह पहले भी भाजपा सदस्य रह चुके हैं।

## हिरासत में लिए गए सपा सांसद आजम के विधायक बेटे

लखनऊ, 31 जुलाई (भाषा)।

सपा सांसद आजम खां के विधायक बेटे अब्दुल्ला को रामपुर में मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में जिला प्रशासन की छापेमारी की कार्रवाई में रुकावट डालने के आरोप में बुधवार को हिरासत में ले लिया गया। इस घटना के विरोध में सपा विधान परिषद सदस्यों की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजभवन के द्वार के बाहर नारेबाजी की।

रामपुर के पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा ने बताया कि स्वार सीट से सपा विधायक अब्दुल्ला को सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) प्रवीण कुमार ने बताया कि जौहर विश्वविद्यालय में पुलिस की छापेमारी की कार्रवाई के वक्त सपा विधायक अब्दुल्ला वहां मौजूद थे और उन्होंने बाधा पैदा करने की कोशिश की। उनको शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया है। रामपुर के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जौहर विश्वविद्यालय में छापेमारी की कार्रवाई के दौरान उसके पुस्तकालय से 2500 से ज्यादा चोरी की गई दुर्लभ किताबें बरामद हुईं। इस घटना के विरोध में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की कोशिश की। बिना किसी सूचना के मुलाकात की बात करने पर उनकी सुरक्षाकर्मियों से झड़प भी हुई। ाद में सभी प्रदर्शनकारी सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया और बाद में रिहा कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जौहर विश्वविद्यालय में प्रशासन द्वारा छापेमारी की कार्रवाई शिकायत के आधार पर की जा रही है। पूर्व में मदरसा आलिया के नाम से पहचाने जाने वाले ओरिएंटल कॉलेज के प्रधानाचार्य जुबैर खान की शिकायत पर 16 जून को इस मामले में पड़ताल शुरू की गई थी। जुबैर ने आरोप लगाया था कि उनके मदरसे से करीब 9000 किताबें चोरी करके उन्हें जौहर विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में रख लिया गया है। रामपुर से सपा सांसद आजम खां जौहर विश्वविद्यालय के संस्थापक और चांसलर हैं।

## बाघों के लिए बनेंगे विशेष गलियारे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

देश भर में बाघों के लिए विशेष गलियारे तैयार होंगे। ये गलियारे बाघ संभावित क्षेत्रों में तैयार होंगे। इन गलियारों को विकसित करने के लिए पर्यावरण मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में रेल या सड़क परियोजनाओं में बाघ के गलियारों का खास ख्याल रखने की हिदायत दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक इस विशेष क्षेत्र का प्रयोग करते हुए बाघ देश के एक कोने से दूसरे कोने जा सकेंगे, इसकी मदद से बाघों संख्या बढ़ाने में भी मदद हासिल होगी। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक इसकी मदद से 2022 तक बाघों की संख्या को दोगुना की जा सकेगी।

बाघ क्षेत्रों को बचाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने रेल व सड़क की नई योजनाओं को लागू करने के समय में ही इस क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र बनाने पर काम करेगा। यह व्यवस्था किसी भी जमीन उपयोग (लैंड यूज) के समय से ही लागू होगी। मंत्रालय के मुताबिक देश में ऐसी सबसे अधिक योजनाएं रेल मंत्रालय व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से तैयार होती हैं। इसके लिए इन मंत्रालयों को इस योजना का हिस्सा बनाया गया है। पर्यावरण मंत्रालय ने राज्यों की विकास योजनाओं को लागू करते हुए वन क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। पर्यावरण मंत्रालय ने अपने दिशानिर्देशों में स्पष्ट आदेश दिए हैं कि किसी भी योजना को लागू करने से पूर्व इन संभावित क्षेत्रों में बाघ क्षेत्रों को विशेष ध्यान रखा जाए और योजना निर्माण के वक्त ही इन क्षेत्रों की कार्य योजना का भी पालन किया जाए।

मंत्रालय ने इन क्षेत्रों को मास्टर प्लान से जोड़ने की सलाह दी है। मंत्रालय के दिशानिर्देशों के मुताबिक सड़क परिवहन व रेल मंत्रालय की योजनाओं पर एजंसियों के बीच तालमेल स्थापित करना होगा ताकि किसी भी प्रकार से बाघ संबंधित क्षेत्रों का नुकसान नहीं हो। इसके जल्द ही अतिरिक्त छत्तीसगढ़ क्षेत्र में भी बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए भी काम किया जाएगा। मंत्रालय ने दावा किया कि आम जनता में जागरूकता की वजह से बाघों की मारने की घटनाएं भी कम दर्ज हो रही हैं। अब केवल 24 फीसद ही ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिसमें बाघों पर हमला करने की बात आ रही है। हालांकि 55 फीसद मामले प्राकृतिक मौत से संबंधित हैं।

## प्रधानमंत्री ने 2022 तक सबको आवास की प्रतिबद्धता दोहराई

पेज 1 का बाकी

पर उठाए गए कदम की भी जानकारी ली। सुगम्य भारत अभियान की समीक्षा करते हुए मोदी ने सार्वजनिक परिसरों तक पहुंचने में दिव्यांगजनों को आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए एक तंत्र तैयार करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने रेलवे सड़क क्षेत्र में आठ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। ये परियोजनाएं बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात सहित अनेक राज्यों में फैली हुई हैं।

## आइएस से जुड़ा केरल का युवक अफगानिस्तान में मारा गया

पेज 1 का बाकी

प्रांत में आइएस के एक प्रमुख कमांडर हुजैफा-अल-बाकिस्तानी के साथ मारा गया है। बाकिस्तानी पाकिस्तानी मूल का आतंकी था और उसने कई भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाया था। आइएस में भर्ती होने के लिए 2017 में केरल के विभिन्न हिस्सों से भागे युवकों में से कई इन दिनों अफगानिस्तान में आतंकी शिविरों में थे। मुहम्मद मोहसिन के परिजनों को उसकी मौत की खबर अफगानिस्तान से मिले अनजान वॉट्सऐप संदेश के जरिए मिली। मलयाली भाषा में प्राप्त उस संदेश में लिखा था, 'आपका भाई शहीद होना चाहता था। अल्लाह ने उसकी ख्वाहिश पूरी कर दी। 10 दिन पहले हुए अमेरिकी सेना के ड्रोन हमले में वह शहीद हो गया।' आगे उस संदेश में लिखा था, 'कृपया ये बात पुलिस को न बताएं, नहीं तो वे आपके घर आकर आपको परेशान करना शुरू कर देंगे। आपका भाई ऐसा नहीं चाहता था।'

केरल के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं पिछले कुछ वर्षों में आइएस में शामिल हुए हैं। सरकारी आंकड़े के मुताबिक केरल के कन्नूर शहर के सबसे ज्यादा लोग आइएस में शामिल हुए। 15 जून तक कन्नूर की आठ महिलाओं सहित लगभग 40 लोग आइएस में शामिल हो चुके थे। पूरे केरल के 98 लोग आइएस में शामिल हुए, जिनमें से 38 मारे जा चुके हैं। कन्नूर के अलावा कासरगोड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पलक्कड़, एर्नाकुलम और त्रिशूर के लोग भी इस आतंकी संगठन में शामिल हुए हैं।

## सीमा पार दो चौकियां तबाह, छह पाक जवान ढेर

पेज 1 का बाकी

है और दो अन्य घायल हुए हैं। भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में गुलाम कश्मीर में नीलम घाटी में स्थित एक पाकिस्तानी चौकी पूरी तरह तबाह हो गई। इस चौकी में मौजूद तीन पाकिस्तानी सैनिक भी मारे गए। गुलाम कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के पास भी भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में एक सैनिक और एक पुलिसकर्मी समेत पांच पाकिस्तानी जख्मी हुए बताए जा रहे हैं। दो सैनिक गुरेज सेक्टर में मारे गए।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान के सैनिकों ने मंगलवार को उत्तरी कश्मीर के तंगहर इलाके में नियंत्रण रेखा के नजदीक अग्रिम क्षेत्रों और गांवों को निशाना बनाया था। सोमवार को पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ जिले के मनकोट और शाहपुर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा के पास वाले क्षेत्रों में गोलाबारी की थी। मंगलवार को पाकिस्तान की ओर से जम्मू के अखनूर स्थित केरी बट्टल में गोलाबारी की गई। पाक सैनिकों ने मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उत्तरी कश्मीर के उड़ी से केरन सेक्टर तक अग्रिम सैन्य और नागरिक ठिकानों पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से तोपखाने का प्रयोग भी किया गया। कुछ ही देर में यह गोलाबारी केरन, करनाह, मच्छल, गुरेज, उड़ी के मोहरा सेक्टर तक फैल गई। इससे तंगधार के एक गांव में दो ग्रामीण जख्मी हो गए। रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, मंगलवार की देर रात करीब 12.30 बजे पाकिस्तान की सेना ने राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार दागे। बुधवार उत्तरी कश्मीर के गुरेज, टंगडार, करनाह और उड़ी में दोनों तरफ से भारी गोलाबारी जारी रही। पाकिस्तान ने उत्तरी कश्मीर में भारतीय ठिकानों पर तोपखाने का भी इस्तेमाल किया।

## एक देश एक कानून की ओर पहला कदम है तीन तलाक कानून

पेज 1 का बाकी

करने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री नकवी ने कहा कि तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाना जनता से हमारी पिछली सरकार का वादा था जिसे नई सरकार के गठन होने के तुरंत बाद पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के राज्यसभा में पारित होने को लेकर तमाम किस्म की आशंकाएं जाहिर की गई थीं, लेकिन इन सबको गलत साबित करते हुए सरकार ने अपना वादा निभाया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने फूट डालो और शासन करो की नीयत से मुसलिम पर्सनल लॉ बनाए थे जिसकी वजह से समस्याएं खड़ी हुईं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि यह बात बिल्कुल ठीक है कि हम लोग समान नागरिक संहिता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं कि सरकार किसी की धार्मिक स्वतंत्रता को कोई नुकसान पहुंचाने जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन देशों में समान नागरिक संहिता लागू भी है, वहां भी किसी भी धर्मावलंबी पर अपना धर्म मानने पर कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह हमारे संविधान की भावना भी है कि हम एक देश, एक कानून की ओर बढ़ें।

केंद्रीय मंत्री नकवी ने तीन तलाक पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के विरोध को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत आज बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के पास दोनों सदनों में पर्याप्त बहुमत था लेकिन वे ऐसा कोई कदम नहीं उठा पाए।

लम्हों ने खता की और सदियों ने सजा पाई वाली कहावत चरितार्थ हो गई। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह दलील दे रहा है कि तीन तलाक के मामले में यदि शौहर जेल चला जाएगा तो उसके परिवार का भरण-पोषण कैसे होगा। यह बेहद लचर दलील है। इसमें कोई दम नहीं है। अब कोई कहे कि हत्या का आरोपी जेल चला जाएगा तो उसके परिवार को कौन देखेगा, तो इस सवाल का क्या जवाब होगा। अपराध करने वाले को सजा तो मिलनी ही चाहिए।

## शाह बानो के नाती ने कहा, तीन तलाक कानून का हो सकता है दुरुपयोग

इंदौर, 31 जुलाई (भाषा)।

अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता हासिल करने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ कर मुसलिम समुदाय में नजीर पेश करने वाली शाह बानो के नाती जुबैर अहमद खान ने तीन तलाक निरोधक विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने को अच्छा कदम बताया है। हालांकि, उन्होंने इसे फौजदारी शक्ल दिए जाने पर असहमति जताते हुए आशंका जताई है कि दहेज प्रताड़ना निरोधक प्रावधान की तरह तीन तलाक प्रथा का निषेध करने वाले कानून का भी दुरुपयोग हो सकता है। शाह बानो के नाती पेशे से वकील और कर सलाहकार हैं। उन्होंने यहां बुधवार को कहा, वैसे तो इस्लामी शरीयत में लगातार तीन बार तलाक बोल कर वैवाहिक संबंध खत्म किए जाने की कोई अवधारणा ही नहीं है। लेकिन यह अच्छी बात है कि सरकार ने इस प्रथा पर रोक के लिए कानून बनाया है।

## प्रधान न्यायाधीश ने पत्र पेश करने में देरी पर मांगी रिपोर्ट

पेज 1 का बाकी

रविवार को रायबरेली में अपनी कार के साथ एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर में बुरी तरह जख्मी हो गई। जबकि उसके परिवार के दो सदस्यों की इस हादसे में मृत्यु हो गई थी। महिला के परिवार ने इस कार दुर्घटना के पीछे साजिश की शिकायत दर्ज कराई है। इस बलात्कार कांड में उप्र के बांगड़मउ विधानसभा क्षेत्र से चार बार के भाजपा विधायक सेंगर आरोपी हैं और उन्हें पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था। बलात्कार पीड़ित और उसके परिवार के दो सदस्यों द्वारा लिखा गया यह पत्र 12 जुलाई का है और इसे इलाहाबाद हाई कोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य प्राधिकारियों को भेजा गया था। प्रधान न्यायाधीश को भेजे गए पत्र में दावा किया गया है कि 7-8 जुलाई को भाजपा विधायक सेंगर से कथित रूप से संबंध रखने वाले कुछ व्यक्तियों ने पीड़ित के परिवार को गंभीर परिणामों की चेतावनी दी थी। पत्र पर पीड़ित, उसकी मां और चाची के हस्ताक्षर हैं। पत्र के अनुसार सात जुलाई को बलात्कार मामले में एक आरोपी के बेटे नवीन सिंह, शशि सिंह, मनोज सिंह, (एक अन्य आरोपी कुलदीप सिंह के भाई) और कन्नू मिश्रा उनके घर आए थे और उन्हें धमकी दी थी। इसके अगले दिन एक अन्य व्यक्ति भी उनके घर आया था।

पीड़ित और उसके परिवार ने कहा कि पत्र के साथ उस कार का वाडियो भी संलग्न किया गया था जिसमें ये लोग उनके घर आए थे। पत्र में उन्हें धमकी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। उन्नाव बलात्कार कांड उस समय सामने आया जब पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास के बाहर कथित रूप से आत्मदाह करने का प्रयास किया था।

## सिद्धार्थ का शव मिला, कारोबार जगत स्तब्ध

पेज 1 का बाकी

ईशान हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हर चीज 'आत्महत्या' की ओर इशारा करती है लेकिन जांच पूरी होने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। अपने कैफे की श्रृंखला से शहरी इलाकों को लाते, कैपेचिनो, अमेरिकैनो और एस्प्रेसो समेत कॉफी के विभिन्न स्वाद से परिचित कराने वाले सिद्धार्थ 59 वर्ष के थे। दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त शशिकांत सेंथिल ने बताया कि सिद्धार्थ के मित्रों ने उनके शव की पहचान की।

करीब 36 घंटे के तलाश अभियान के बाद सिद्धार्थ के शव का पता लग सका। कथित तौर पर उनके द्वारा अपनी कंपनी 'कॉफी डे इंटरप्राइजेज' के निदेशक मंडल और कर्मचारियों को लिखे गए एक पत्र से यह जाहिर होता है कि वह कर्ज, कर (टैक्स) और शेयरों को वापस खरीदने के लिए मजबूर किए जाने को लेकर वित्तीय संकट का सामना कर रहे थे। इस पत्र में पूर्व डीजी आयकर द्वारा काफी प्रताड़ित करने की शिकायत की गई है। हालांकि, आयकर विभाग ने आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि उसने आयकर अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक कार्रवाई की। तलाशी अभियान में कई एजंसियां लगाई गई थीं जिन्हें नेत्रावती नदी पर स्थित एक पुल के नीचे पानी में उतारा गया था। इसी स्थान पर उन्हें कथित तौर पर आखिरी बार सोमवार रात देखा गया था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, 'सिद्धार्थ की मौत चिंता पैदा करने वाली प्रवृत्ति को प्रदर्शित करती है।'

उन्होंने ट्वीट किया, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को भाजपा ने ईज ऑफ इंडिंग बिजनेस में तब्दील कर दिया।' कर्नाटक कांग्रेस ने सिद्धार्थ के निधन को लेकर ट्वीट किया, 'यह आइटी अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने और कर आतंक छाने व अर्थव्यवस्था के ढहने के साथ भारत में उद्यमियों की गिरती स्थिति का परिणाम है।

## नौनिहालों को चाहिए देश भर में दूध बैंक

पेज 1 का बाकी

शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आएगी। खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई प्रदेशों में यह दर काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु दर किसी भी देश/प्रदेश का सबसे बुनियादी स्वास्थ्य सूचकांक माना जाता है। इसी से देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया जाता है। जाहिर है स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आगे रहने के लिये नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लानी होगी। सिंह ने कहा कि मदर्स मिल्क बैंक कोई अजूबा नहीं हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान में ऐसे बैंक वर्षों से हैं और शिशुओं की असरदार तरीके से हिफाजत कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में भी ऐसा बैंक बन गया है। ऐसे बैंक पूरे देश में खोले जाने चाहिए।

## सीबीआइ ने सेंगर व नौ अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया

पेज 1 का बाकी

टीम का गठन किया है।' टीम ने अपराध स्थल, मारुति स्विफ्ट कार को टक्कर मारने वाले ट्रक का निरीक्षण किया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे पुलिस अधिकारियों से भी सीबीआइ की टीम ने जानकारी ली।

सीबीआइ की जांच टीम महिला की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत करेगी और उनसे पूछेगी कि रविवार को वे पीड़िता के साथ क्यों नहीं थे, जब दुर्घटना हुई। केंद्रीय जांच एजंसी ने सामान्य प्रक्रिया के अनुसार दोबारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस से दुर्घटना मामले की जांच अपने हाथ में ले ली।

सबसे पहले पीड़िता के चाचा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि बांगरमऊ से विधायक सेंगर के भाजपा से निलंबन के बाद से उसके रिश्तेदार पीड़िता के परिवार पर लगातार दबाव बना रहे थे। वे सेंगर के खिलाफ मामला वापस नहीं लेने की स्थिति में पीड़िता के पूरे परिवार की हत्या करने की कथित धमकियां दे रहे थे।

प्राथमिकी के अनुसार चाचा ने यह भी आरोप लगाया था कि पीड़िता के परिवार की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। सीबीआइ की जांच टीम ने रायबरेली में स्थानीय पुलिस थाने के अधिकारियों से भी मुलाकात की। प्रवक्ता के मुताबिक, 'आरोप लगाया गया कि आरोपी व्यक्ति शिकायतकर्ता के परिवार के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं, उन्हें धमकी दे रहे हैं और उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। इसमें आरोप लगाया गया कि इस मामले में 28 जुलाई 2019 को हुई दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। उन्नाव की पीड़िता और परिवार के वकील का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।'

कुलदीप सेंगर के अलावा दुर्घटना मामले में जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें उसका भाई मनोज सिंह सेंगर, अरुण सिंह, विनोद मिश्रा, हरी पाल सिंह, नवीन सिंह, कोमल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, वकील अवधेश सिंह और 15 से 20 अज्ञात व्यक्ति हैं। केंद्र ने उत्तर प्रदेश सरकार की सिफारिश पर मंगलवार को इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी। पीड़िता को सुरक्षा मुहैया कराने में नाकाम रहने पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना हो रही है।

## जम्मू कश्मीर में ईडब्लूएस वर्ग को 10 फीसद आरक्षण मंजूर

पेज 1 का बाकी

मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि यह विधेयक उन गरीब लोगों को सामाजिक न्याय देगा जो राज्य में बड़ी संख्या में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रहने वाले लोगों के लिए आरक्षण दिया था, जो पहले केवल वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब रहने वालों के लिए उपलब्ध था।गृह मंत्री अमित शाह ने 24 जून को लोकसभा में जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक पेश किया था और 28 जून को लोकसभा द्वारा पारित किया गया था। बाद में ये राज्यसभा से भी पास हो गया। यह जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों के 3.5 लाख निवासियों को लाभान्वित करेगा। इस विधेयक के तहत जम्मू कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004 में संशोधन करने की बात कही गई। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रहने वाले लोगों को भी वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास रहने वाले लोगों की तरह ही आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

# ईस्टर संडे हमले की भारत की चेतावनी से नहीं था अवगत : सिरिसेना

कोलंबो, 31 जुलाई (भाषा)।

श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने दावा किया कि उन्हें ईस्टर संडे के दिन हुए आतंकी हमले से पहले भारतीय खुफिया एजेंसियों से मिली चेतावनी की जानकारी नहीं थी। अगर उन्हें संबंधित अधिकारियों द्वारा इसकी जानकारी दी जाती तो इसे रोका जा सकता था। सिरिसेना ने पिछले महीने स्पष्ट तौर पर कहा था कि 21 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के संबंध में भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 21 दिन पहले ही संभावित हमले की जानकारी दी थी, लेकिन उन्हें इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली। ईस्टर के मौके पर हुए इस हमले में 258 लोगों की मौत हो गई थी।

# आतंकियों के जरिए बच्चों की भर्तियों से चिंतित हैं गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र, 31 जुलाई (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कश्मीर में हिज्बुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठन व भारत के अन्य हिस्सों में नक्सली विद्रोही बच्चों की भर्तियां कर रहे हैं। महासचिव ने इस तरह की भर्तियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि वह दोषियों को न्याय के कठघरे में लाए।

मंगलवार को 'बच्चों और सशस्त्र संघर्ष' पर महासचिव की वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई। इसमें कहा गया है कि सशस्त्र समूहों और सरकार के बीच होने वाली हिंसा से बच्चे अब भी प्रभावित हैं, ''खास तौर पर जम्मू-कश्मीर में और नक्सली विद्रोह के संदर्भ में। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार के कदमों का स्वागत किया।

# पाकिस्तान ने पीओके से 50 चीनियों को हटाया

इस्लामाबाद, 31 जुलाई (भाषा)।

- नीलम और झेलम नदियों के संगम पर पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओके) में बनाए जा रहे बांध पर काम कर रहे चीनी लोगों को मंगलवार देर रात हटाया गया
- पाकिस्तानी सेना ने चेतावनी दी कि वह भारतीय बलों द्वारा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किए जा रहे कथित संघर्षविराम उल्लंघन का जवाब देगी

पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि नियंत्रण रेखा पर भारत के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक पनबिजली परियोजना पर काम कर रहे 50 से अधिक चीनी नागरिकों से स्थान खाली करावाया गया है।

डॉन अखबार ने स्थानीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अख्तर अयूब के हवाले से बताया कि अधिकारियों को नीलम और झेलम नदियों के संगम पर पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओके) में बनाए जा रहे बांध पर काम कर रहे चीनी लोगों को मंगलवार देर रात उस समय हटाना पड़ा जब गोलीबारी शुरू हो गई। स्थानीय अधिकारी राजा शाहिद महमूद ने बताया कि भारतीय सुरक्षाबलों ने पिछले 24 घंटे में अंधाधुंध गोलीबारी की जिसके बाद कर्मचारियों से स्थान खाली कराने का फैसला किया गया। गोलीबारी में एक महिला और एक बच्चे समेत तीन लोग मारे गए हैं तथा 31 अन्य घायल हुए हैं।

इस बीच, पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को चेतावनी दी कि वह भारतीय बलों द्वारा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किए जा रहे कथित संघर्षविराम उल्लंघन का जवाब देगी और आम नागरिकों की जिंदगियां बचाने के लिए कदम उठाएगी। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने ट्वीट किया, 'भारत की ओर से संघर्षविराम उल्लंघन की बढ़ती घटनाएं जम्मू-कश्मीर में नाकाम होने के कारण उसकी हताशा को दिखाती हैं।'

# अफगानिस्तान में बम की चपेट में आई बस, 32 मरे

काबुल, 31 जुलाई (एपी)।

पश्चिमी अफगानिस्तान में बुधवार सुबह सड़क किनारे रखे बम की चपेट में बस आ गई। इसमें सवार कम से कम 32 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें ज्यादातर महिलाएं व बच्चे हैं। इसमें 15 अन्य लोग घायल हो गए गै।

घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब छह बजे हुई। मरने वालों में सभी लोग असैन्य नागरिक थे, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। यह बस अफगानिस्तान के पश्चिमी शहर हेरात और दक्षिणी शहर कंधार के बीच मुख्य राजमार्ग पर जा रही थी। किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन तालिबानी चरमपंथी संबंधित क्षेत्र में सक्रिय हैं। तालिबान अफगानिस्तान में लगातार ऐसे हमलों को अंजाम देता रहता है। हालांकि तालिबान 18 साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के मकसद से अमेरिका के साथ कई शांति वार्ताओं में शामिल रहा है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताते हुए कहा था कि करीब 18 साल पुराने संघर्ष को समाप्त करने के लिए किए जा रहे प्रयास के बावजूद अफगानिस्तान में भयानक स्तर तक पहुंच चुकी लड़ाई में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं और घायल हो रहे हैं।

# छात्रों के लिए फिर दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर बना लंदन

## वैश्विक सूची में बंगलुरु (81), मुंबई (85), दिल्ली (113) और चेन्नई (115) का स्थान

लंदन, 31 जुलाई (भाषा)।

ब्रिटेन की राजधानी लंदन ने तोक्यो और मेलबर्न जैसे अंतरराष्ट्रीय शहरों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में छात्रों के लिए लगातार दूसरे साल सर्वश्रेष्ठ शहर का खिताब हासिल किया है। हालांकि भारत के शहरों में बंगलुरु का 81वां स्थान है। इसके बाद मुंबई (85), दिल्ली (113) और चेन्नई (115) का स्थान आता है। यह नई वैश्विक रैंकिंग बुधवार को जारी की गई।

वैश्विक शिक्षा कंसलटेंसी 'क्यूएस क्वाक्यूरेली सायमंडस' ने 'क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग' तैयार की है जिसमें हर शहर के प्रदर्शन को छह श्रेणियों में रेखांकित किया गया है। इसमें शीर्ष क्रम के विश्वविद्यालयों की संख्या, जीवन की गुणवत्ता, स्नातक के बाद नौकरी के उपलब्ध अवसर, वहनीयता और छात्रों की खुद की प्रतिक्रिया को शामिल किया है। इस सूची में 120 शहरों की रैंकिंग की गई है। पाकिस्तानी मूल के लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा, 'लंदन को फिर से दुनिया में सबसे अच्छे शहर का दर्जा दिया गया है। यह छात्रों के लिए अच्छी खबर है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि लंदन में विश्व के अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थान हैं।' इस सूची में लंदन के बाद जापान का तोक्यो दूसरे और आस्ट्रेलिया का मेलबर्न तीसरे स्थान पर काबिज है। लंदन में पढ़ाई के लिए भारत से आने वाले छात्रों की संख्या में 2017-2018 में 20 फीसद की बढ़ोतरी देखी गई थी। साल 2016-2017 में छात्रों की संख्या 4545 थी जो 2017-2018 में बढ़ कर 5455 हो गई।

# उत्तर कोरिया ने दागीं दो बैलिस्टिक मिसाइलें

सियोल, 31 जुलाई। दक्षिण कोरिया ने बताया कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। उत्तर कोरिया ने कुछ दिन पहले भी दो मिसाइलें दागी थीं और उसे अमेरिका के साथ दक्षिण कोरिया के नियोजित संयुक्त सैन्य अभ्यास के खिलाफ चेतावनी करार दिया था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि बुधवार तड़के पूर्वी तट पर वोनसान क्षेत्र से दो उपकरण दागे गए और जिन्होंने करीब 250 किलोमीटर की दूरी तय की। (एएफपी)


KRBL Limited

CIN: L01111DL1993PLC052845
पंजीकृत कार्यालय: 5190, लाहौरी गेट, दिल्ली – 110006
फोन: +91-11-23968328, फैक्स: +91-11-23968327
ईमेल: investor@krblindia.com; वेबसाइट: www.krblrice.com

केआरबीएल लिमिटेड के
सभी इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ सार्वजनिक सूचना

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि प्राधिकरण (आईईपीएफ) उचन्त खाते में इक्विटी शेयरों का अंतरण (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के अनुसार)

यह सूचना कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित 7 सितम्बर, 2016 से प्रभावी एवं समय-समय पर सुधार/यथासंशोधित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि प्राधिकरण (लेखाकरण, लेखापरीक्षा, अंतरण एवं वापसी) नियम, 2016 ('नियम') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के प्रावधानों के अनुसरण में प्रकाशित की जाती है।

कथित प्रावधानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान 25.09.2012 को कंपनी द्वारा घोषित लाभांश जो कि सात वर्षों की अवधि से अदावाकृत/अप्रदत्त है, उसे 1 नवम्बर, 2019 को आईईपीएफ के पास जमा किया जाएगा। समस्त शेयर जिन पर पिछले निरंतर सात वर्षों से लाभांश अदावाकृत/अप्रदत्त है, उन्हें भी कथित नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अंतरित किया जाएगा।

ऐसे शेयरधारक जिन्होंने पिछले निरंतर सात वर्षों से (अब तक) अपने लाभांश का भुगतान नहीं लिया है और जिनके शेयर आईईपीएफ उचन्त खाते में अंतरित किये जाने के पात्र हैं, उनकी सूची कंपनी की वेबसाइट www.krblrice.com पर प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा, कंपनी द्वारा उन शेयरधारकों जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में अंतरित किये जाने के पात्र हैं, उन्हें आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में उनके शेयरों को जमा करने से पूर्व उचित कार्रवाई करने के लिए व्यक्तिगत रूप से पत्र भी भेजे जा चुके हैं।

संबंधित शेयरधारक जिनके शेयर भौतिक प्रारूप में धारित हैं और आईईपीएफ को अंतरित किये जाने के लिए योग्य हैं, कृपया नोट करें कि कंपनी आईईपीएफ को शेयरों के अंतरण के प्रयोजन हेतु उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्रों के बदले डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी और ऐसे शेयरों के जारी होने पर कंपनी डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्रों को डिमेट प्रारूप में बदलने और आईईपीएफ के पक्ष में अंतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्यकलाप के माध्यम से डिपॉजिटरी को सूचित करेगी। मूल शेयर प्रमाणपत्र जो मूल शेयरधारक के नाम पर पंजीकृत है, बाद में स्वत ही निरस्त हो जाएंगे और गैर-विनिमेय माने जाएंगे।

संबंधित शेयरधारक जिनके शेयर डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में हैं, कृपया नोट करें कि कंपनी आईईपीएफ के डिमेट खाते में शेयरों के अंतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्यकलाप के माध्यम से डिपॉजिटरी को सूचित करेगी।

शेयरधारक कृपया नोट करें कि आईईपीएफ प्राधिकरण को एक बार अंतरित किये गये लाभांश एवं शेयरों को वापिस लेने का दावा आईईपीएफ नियमों (आईईपीएफ वेबसाइट http://www.iepf.gov.in को देखें) के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए आईईपीएफ प्राधिकरण के पास किया जा सकता है और इस संबंध में कंपनी के पास कोई दावा नहीं किया जा सकेगा।

यदि कंपनी को 30 सितम्बर, 2019 तक संबंधित शेयरधारकों से कोई पत्राचार प्राप्त नहीं होता है तो उसके बाद आपके अनुरोध को प्रक्रियागत करना कंपनी के लिए असुविधाजनक होगा और कंपनी नियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण के पास डिमेटियरलाइज्ड एवं अंतरित कर देगी।

इस संबंध में किसी भी जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए संबंधित शेयरधारक कंपनी को ई-मेल: investor@krblindia.com पर लिख सकते हैं या कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट – अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाइट्स, 3ई/7, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, फोन: 011-42541955/59 ई-मेल ramap@alankit.com से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते केआरबीएल लिमिटेड
हस्ता/-
रमन सप्रा
कंपनी सचिव

स्थान: नोएडा, उत्तर प्रदेश
दिनांक: 31 जुलाई 2019



अमृत कॉर्प लि.
CIN: L15141UP1940PLC000946
पंजी. कार्यालय: सीएम/28, प्रथम् तल, गगन एन्क्लेव, अमृत नगर, जीटी रोड, गाजियाबाद-201009 (उ.प्र.)
कॉर्पो. कार्यालय: अमृत कॉर्प सेन्टर, ए-95, सेक्टर-65, नोएडा-201309 (उ.प्र.)
Ph.: 0120-4506900; Fax: 0120-4506910
E-mail: info@amritcorp.com, Website: www.amritcorp.com

अंतरिम लाभांश, यदि घोषित होता है, के उद्देश्य से अभिलिखित तिथि की सूचना

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91, कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि 13 अगस्त, 2019 को आयोजित होने के लिये निर्धारित उसकी बैठक में बोर्ड द्वारा घोषित होता है, अंतरिम लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से ''अभिलिखित तिथि'' गुरुवार, 22 अगस्त, 2019 को होगी।
अंतरिम लाभांश का भुगतान ऐसे शेयरधारकों को किया जायेगा जिनके नाम अभिलिखित तिथि अर्थात् गुरुवार, 22 अगस्त, 2019 को सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होंगे।

अमृत कॉर्प लि. के लिये
हस्ता./-
(पी.के. दास)
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

तिथि: 31 जुलाई, 2019
स्थान: गाजियाबाद



प्रपत्र सं. आईएनसी-25 ए
सार्वजनिक कम्पनी का प्राईवेट कम्पनी में रूपांतरण के लिए
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में
तथा
मै. हिम केम लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय ग्राम खेड़ा पिन्जोर, नालागढ़, जिला सोलन, हि.प्र. 174101 आईएन में है, आवेदक के मामले में
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केन्द्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिये 29 जून, 2019 को आयोजित असाधारण आम सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कम्पनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिये इच्छुक है।
कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति संबंधित क्षेत्रीय निदेशक, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:

आवेदक के लिए तथा उसकी ओर से
हरीश चन्दर
DIN: 0072497

तिथि: 29 जुलाई, 2019
स्थान: नालागढ़



ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली, 4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001 के समक्ष

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया नियमावली), 1993 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19 (4) के अंतर्गत सूचना

ओ.ए. नं. 942/ 2017
देना बैंक - आवेदक
बनाम
श्री लक्ष्य भारद्वाज एवं अन्य - प्रतिवादीगण

सेवा में,
डी-3. मै. शुभकामना बिल्डटेक प्रा.लि., प्लॉट नं. जीएच-05/बी, सेक्टर- 137, एक्स्प्रेसवे, नोएडा, उत्तर प्रदेश, साथ ही: ए-80, सेक्टर-2, नोएडा- 201301
जैसा कि ऊपर नामित आवेदक ने आपके विरुद्ध एक मामला शुरू किया है, तथा जैसा कि इस अधिकरण की संतुष्टि के लिए यह साबित हो चुका है कि आपको सामान्य तरीके से सर्व करना संभव नहीं है। अतएव, विज्ञापन के माध्यम से इस सूचना के द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि 7.8.2019 को 10.30 पूर्वा. में इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपरोक्त तिथि को इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में ही की जायेगी।
मेरे हाथ से तथा अधिकरण की मुहर लगाकर आज, 15 जून, 2019 को दी गई।

अधिकरण के आदेश से
सहायक रजिस्ट्रार,, डीआरटी-III, नई दिल्ली


# माकपा नेता के बेटे की बलात्कार मामले में डीएनए जांच

मुंबई, 31 जुलाई (भाषा)

केरल के माकपा नेता का बेटा बलात्कार के एक मामले में डीएनए जांच के लिए खून देने ओशिवरा पुलिस थाने पहुंचा। माकपा के प्रदेश सचिव कोडियरी बालकृष्णन के बेटे बिनॉय ने बंबई उच्च न्यायालय के निर्देश पर ऐसा किया।

बंबई हाई कोर्ट ने उन्हें हाल ही में डीएनए जांच कराने के आदेश दिए थे जिसकी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश की जाएगी। बिनॉय पर एक पूर्व बार डांसर से बलात्कार का आरोप है। महिला ने आरोप लगाया है कि बिनॉय ने शादी करने का वादा करके बलात्कार किया है। वहीं बिनॉय से उसे आठ साल का एक बेटा भी है। पुलिस ने बिनॉय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज किया है।

# मोबाइल चोरी के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 31 जुलाई।

हरिद्वार में 18 साल के एक युवक की मोबाइल चोरी के शक में लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जिस मोबाइल चोरी की शक में किशोर की पिटाई की गई वह मोबाइल उसी दिन एक खेत मे पड़ा मिला। पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिलार जिले के पथरी थाना क्षेत्र के गाड़ोवाली गांव में मोबाइल चोरी की घटना को लेकर पड़ोस के ही युवकों ने एक किशोर की जमकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। युवकों ने इस पिटाई का वीडियो भी वायरल कर दिया। मारपीट की घटना करीब एक हफ्ता पहले की है। मोहसीन की बहन कहना है कि पड़ोस के युवक मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए उसे घर से जबरन अपने साथ पकड़कर ले गए और उसकी जमकर पिटाई की। पिटाई के बाद उसकी हालत खराब थी और इलाज के बाद उसकी मौत हो गई

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय केवल तहरीर लेकर रख ली। पुलिस ने ना तो मोहसीन का मेडिकल करवाया और ना ही तहरीर लेने के बाद कोई जांच की। हरिलार पुलिस ने बताया कि धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वायरल वीडियो की भी जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मृतक की मृत्यु के साक्ष्यों से मेल नहीं खाती है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# पेट्रोल पंप को लूट रहे तीन बदमाशों को मौके पर ही दबोचा गया

भागलपुर, 31 जुलाई (जनसत्ता)।

थाना कजरैली के पुलिस गश्ती दल की मुस्तैदी की वजह से इलाके के गौराचौकी पेट्रोल पंप को लूट रहे तीन बदमाशों को मौके पर ही दबोच लिया। उनके पास से लूटी गई रकम के अलावा एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो मोबाइल, एक कैंची, एक बिना नंबर की अपाचे मोटर साइकिल पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि तीनों लुटेरे बीते रोज बंधन बैंक के प्रबंधक के साथ हुई लूट की घटना में भी शामिल थे। इसके अलावा 22 मामलों के आरोपी सुरेंद्र यादव को भी पुलिस ने दबोचा है।

एसएसपी ने बताया कि पेट्रोल पंप लूट के सिलसिले में एक एफआइआर लिखी गई है। दूसरी प्राथमिकी हथियार बरामदगी की दर्ज की है, जिसमें गिरफ्तार सुनील कुमार, अरुण कुमार और मो. बाबर को नामजद बनाया है। ये तीनों मंगलवार रात इलाके में राहजनी की नीयत से जमा हुए थे। मगर ऐन वक्त पर इरादा बदल पेट्रोल पंप पर जा धमके। पंप के बाहर सो रहे एक कर्मचारी को अपने कब्जे में कर लिया और उसके बैग में रखे कुछ रुपए छीन लिए। उसके बाद तमंचा के बल पर पेट्रोल पंप का गेट खुलवाने की कोशिश करने लगे।

इत्तफाक से वहां पहले से तैनात चौकीदार ने कजरैली थाना को वाकए की जानकारी दी। थानेदार ने गश्ती दल को पेट्रोल पंप पर जाने का निर्देश दिया। गश्ती दल ने बिना देरी किए मौके पर पहुंच तीनों लुटेरों को दबोच लिया। गिरफ्तार तीनों आरोपी थाना हबीबपुर इलाके के वाशिंदे हैं। इन पर पहले से अपराध के मामले दर्ज हैं।

एसएसपी ने बताया कि अलीगंज में 24 जुलाई को बंधन बैंक के डीएससी प्रबंधक कृष्णा कुमार के साथ लूट के वाकए में भी ये तीनों शरीक थे। पूछताछ में इन लोगों ने अपना अपराध कबूला है। इस बिंदु पर भी इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग में सुरक्षा के 19 मानकों के बारे में पुलिस महानिदेशक ने बुधवार को दिन में समीक्षा की है। जो रूटीन बात है। हबीबपुर थाना के दाऊदबाट से पुलिस ने मंगलवार को सुरेंद्र यादव उर्फ सोनू और सालेपुर के सुनील शेखर मंडल को बड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर बुधवार को जेल चालान कर दिया। इन दोनों के खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया था।

# उत्तराखंड में रेकार्ड तीन करोड़ कांवड़िए जल लेने पहुंचे

देहरादून, 31 जुलाई (भाषा)

उत्तराखंड के हरिद्वार सहित अन्य हिस्सों में पिछले एक पखवाड़े से चल रहा कांवड़ मेला संपन्न हो गया। इस बार यहां रिकार्ड तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़िए गंगाजल लेने पहुंचे। पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) अशोक कुमार ने इस बात की जानकारी दी।

कांवड़िए गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश के अलावा नीलकंठ महादेव मंदिर और उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री तक पहुंच गए। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल आदि राज्यों से हर साल कांवड़िए यहां आते हैं। ज्यादातर कांवड़िए पैदल रास्ता तय करते हैं।

कांवड़ियों की संख्या में साल दर साल हो रही बढ़ोत्तरी से उत्साहित राज्य सरकार ने हरिद्वार में हेलीकॉप्टरों से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करवाई। पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी ने पुलिसकर्मियों की अच्छे कार्य के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने प्रशंसनीय कार्य किया है।


New Delhi Television Limited
CIN: L92111DL1988PLC033099
Regd. Off.: 402, Archana, B - Block Road, Archana, Greater Kailash – I, New Delhi-110048
Phone: (91-11) 4157 7777, 2644 6666 Fax: 2923 1740
E-mail:corporate@ndtv.com; Website:www.ndtv.com

NDTV

Statement of Standalone and Consolidated unaudited financial results for the Quarter Ended 30 June 2019

(INR in Lakhs except per share data)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | A | B | C | D | E | F |
| | 3 months ended (30/06/2019) | Previous year ended (31/03/2019) | Corresponding 3 months ended (30/06/2018) in the previous year | 3 months ended (30/06/2019) | Previous year ended (31/03/2019) | Corresponding 3 months ended (30/06/2018) in the previous year |
| | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) |
| Total income from operations (net) | 6,981 | 25,154 | 6,823 | 10,967 | 39,850 | 9,943 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and Extraordinary items) | 899 | 1,732 | 60 | 1,846 | 2,342 | (802) |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and extraordinary items) | 899 | 1,332 | 60 | 1,846 | 1,942 | (802) |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and extraordinary items) | 899 | 1,332 | 60 | 1,525 | 1,023 | (1,009) |
| Total Comprehensive Income/(Loss) for the period | 899 | 1,164 | 87 | 1,525 | 839 | (985) |
| Equity Share Capital | 2,579 | 2,579 | 2,579 | 2,579 | 2,579 | 2,579 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | 21,026 | - | - | 3,997 | - |
| Earning/(Loss) Per Share ( of Rs 4/- each) (for continuing and discontinuing operations) | | | | | | |
| Basic: | 1.39 | 2.07 | 0.09 | 2.37 | 1.59 | (1.56) |
| Diluted: | 1.39 | 2.07 | 0.09 | 2.37 | 1.59 | (1.56) |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.nseindia.com and www.bseindia.com), and on the Company's website, www.ndtv.com.

Place : New Delhi
Date : 30 July, 2019

For New Delhi Television Limited
Prannoy Roy
Executive Co-Chairperson


# समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग लोकसभा में उठी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

लोकसभा में बुधवार को भाजपा के एक सदस्य ने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग उठाई, वहीं पार्टी के एक अन्य सदस्य ने पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ के विषय को उठाते हुए सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। शून्यकाल में भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान के दिशानिर्देशक सिद्धांतों के तहत देश में समान नागरिक संहिता (यूनीफॉर्म सिविल कोड) होनी चाहिए। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि समान नागरिक संहिता के लिए विधेयक सदन में लाया जाए। जिससे सब नागरिक भारतीय कहलाएं, हिंदू, मुसलिम या ईसाई नहीं।

पश्चिम बंगाल से भाजपा के सदस्य सुकांत मजूमदार ने राज्य में रोहिंग्या समुदाय के लोगों की अवैध घुसपैठ का विषय उठाते हुए आरोप लगाया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तुष्टीकरण के लिए घुसपैठियों के साथ खड़ी है। केंद्र सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

भाजपा के दिलीप सैकिया ने देश में जनसंख्या वृद्धि को गंभीर मामला बताते हुए इस पर नियंत्रण के लिए जनसंख्या नीति बनाने की मांग की। उन्होंने असम समेत देशभर में रहने वाले बांग्लाभाषी हिंदुओं के लिए कदम उठाने की मांग भी केंद्र से की।

# विदेश मंत्रालय ने पाक उच्चायोग को कड़ा पत्र जारी किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जुलाई।

नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी में नागरिक इलाकों में हुए नुकसान को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को कड़ा पत्र जारी किया है। अपने प्रतिवाद पत्र में भारत ने कहा है कि पाकिस्तान की ओर से बगैर उकसावे के गोलाबारी में निर्दोष भारतीय नागरिकों के जान-माल का नुकसान हो रहा है। इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। दूसरी तरफ, पाकिस्तान ने भारत पर इसी तरह का आरोप लगाते हुए बुधवार को इस्लामाबाद स्थित उप उच्चायुक्त को तलब किया और नियंत्रण रेखा के पास भारतीय बलों द्वारा कथित रूप से 'बिना उकसावे के संघर्षविराम उल्लंघन किए जाने' की निंदा की।

भारत ने अपने प्रतिवाद पत्र में 10 दिन के नवजात और उसकी मां के मारे जाने की घटना का जिक्र किया है। वह बच्चा, उसकी मां और अन्य एक नागरिक 29 जुलाई को पाकिस्तानी मोर्टार गोले से घायल हो गए थे। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग को लिखे पत्र में कहा है कि पाकिस्तान की कारगुजारियां मानवीय मूल्यों और सैन्य प्रतिमानों के खिलाफ हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारी चाहें तो भारतीय इलाके में नागरिकों के जान-माल के नुकसान की जांच कर सकते हैं। वे तुरंत प्रभाव से इस पर रोक लगाएं।

# इंग्लैंड की निगाहें दोहरी सफलता, आस्ट्रेलिया की इतिहास रचने पर

बर्मिंघम, 31 जुलाई (एएफपी)।

विश्व कप में जीत के बाद इंग्लैंड गुरुवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही एशेज टैस्ट श्रृंखला भी जीतकर घरेलू सत्र का अंत दोहरी सफलता के साथ करना चाहेगा।

विश्व कप अगर 50 ओवर के प्रारूप की शीर्ष प्रतियोगिता है तो टैस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के लिए एशेज से बढ़कर कुछ नहीं है।पिछले कई वर्षों में यह इंग्लैंड के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण घरेलू सत्र है और उसने इसकी शुरुआत पहली बार विश्व कप जीतकर की। विश्व कप जीत से इंग्लैंड में क्रिकेट के समर्थकों की संख्या में इजाफा हुआ है और एशेज में जीत इन नए समर्थकों को जोड़े रखने में महत्वपूर्ण होगी।

दूसरी तरफ टिम पेन के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका में पिछले साल गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण को पीछे छोड़ने का प्रयास करेगा जिसके कारण पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर और कैमरन बेनक्राफ्ट को प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। एजबस्टन में इन तीनों बल्लेबाजों के खेलने की उम्मीद है और बेनक्राफ्ट को उसी



एशेज

तरह की हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है जैसी विश्व कप के दौरान वार्नर और स्मिथ को झेलनी पड़ी थी।

आस्ट्रेलियाई टीम 19 साल से इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला जीतने में नाकाम रही और उसके बल्लेबाजों को सीम गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर ड्यूक गेंद के सामने जूझना पड़ा है। आस्ट्रेलियाई टीम इसके बावजूद पहले टैस्ट में कोई प्रथम श्रेणी मैच खेले बिना उतरेगी। बेनक्राफ्ट जैसे खिलाड़ियों को हालांकि स्थानीय हालात का अनुभव है जो काउंटी टीम डरहम की कप्तानी करते हैं।विश्व कप के स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इंग्लैंड की टीम को पिछले हफ्ते आयरलैंड ने लाड्र्स पर एकमात्र टैस्ट की पहली पारी में सिर्फ 85 रन पर ढेर कर दिया था जिससे टीम के शीर्ष क्रम की कमजोरी उजागर होती है। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट की दोबारा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की योजना है जिससे कि सरे के रोरी बर्न्स और जेसन राय की नई सलामी जोड़ी की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम को मजबूत मिल सके। आस्ट्रेलिया को तेज गेंदबाजों जेम्स पेटिनसन और पैट कमिंस की मौजूदगी वाले अपने गेंदबाजी आक्रमण से काफी उम्मीदें हैं।इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की कमान एक बार फिर जेम्स एंडरसन के हाथों में होगी जो अब एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलते। टीम को इसके अलावा दोबारा उप कप्तानी हासिल करने वाले बेन स्टोक्स से प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



टिम पेन | जो रूट

## खबर कोना



अमेरिका की माटेक सैंड्स अमेरिका की वीनस विलियम्स को गेंद रिटर्न करती हुई।

### माटेक सैंड्स ने वीनस विलियम्स को हराया

लास एंजिलिस, 31 जुलाई (एएफपी)।

आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद अपना पहला डब्ल्यूटीए एकल मैच खेल रहीं बेथानी माटेक सैंड्स ने कैलिफोर्निया के सैन जोस में हार्डकोर्ट टेनिस टूर्नामेंट में वीनस विलियम्स को 6-7 (4/7), 6-3, 6-1 से हराया। 34 साल की माटेक सैंड्स की फ्रेंच ओपन 2018 के बाद एकल में यह पहली जीत है। उन्होंने मंगलवार को तीसरे और निर्णायक सेट के शुरू में अपनी सर्विस गंवा दी थी लेकिन इसके बाद लगातार छह गेम जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना स्पेन की आठवीं वरीय कार्ला सुआरेज नवारो से होगा। पहले दौर के एक अन्य मैच में विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने फ्रांसीसी क्वालीफायर हार्मोनी टैन 6-2, 6-4 से पराजित किया।

### कप्तानी मिलने से हैरान हुआ, जिम्मेदारी संभालने को तैयार : हरमनप्रीत

बंगलुरु, 31 जुलाई (भाषा)।

भारतीय ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि कप्तान बनाए जाने की घोषणा से उन्हें हैरानी हुई लेकिन वे आगामी ओलंपिक टैस्ट टूर्नामेंट में मिलने वाली चुनौती से निटपने के लिए तैयार हैं।

नियमित कप्तान मनप्रीत सिंह की अनुपस्थिति में हरमनप्रीत 17 अगस्त से शुरू होने वाली इस टैस्ट प्रतियोगिता में टीम की कमान संभालेंगे जिसमें भारत के अलावा मलेशिया, न्यूजीलैंड और मेजबान जापान शिरकत करेंगे। हरमनप्रीत 2016 में जूनियर विश्व




कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, 'जब मुझे बताया गया कि मैं टीम की अगुआई करूंगा तो यह मेरे लिए हैरानी भरा था। यह एक सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी है। मैं उत्साहित हूं और इस चुनौती को बखूबी निभाने के लिए तैयार हूं।' वे 2016 रियो ओलंपिक में खेलने वाली भारतीय टीम के सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने इस महासमर से कुछ महीने पहले लंदन में हुई एफआइएच चैम्पियस ट्रॉफी में यादगार प्रदर्शन से टीम में स्थान सुनिश्चित किया था।

### सिंधू विश्व रैंकिंग में पांचवें, साइना आठवें स्थान पर बरकरार

नई दिल्ली, 31 जुलाई (भाषा)।

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल हाल में जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्लूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर बरकरार हैं। महिला एकल में मुग्धा अग्रे छह और ऋतुपर्णा दास एक स्थान के फायदे से क्रमशः 62वें और 65वें स्थान पर हैं।पुरुष एकल खिलाड़ियों में किदांबी श्रीकांत और समीर वर्मा मंगलवार को जारी रैंकिंग में क्रमशः 10वीं और 13वीं रैंकिंग पर बरकरार हैं।



पिछले हफ्ते जापान ओपन सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंटो मोमोटा के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले बी साई प्रणीत चार स्थान के फायदे से 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं। एचएस प्रणय (31वें), पारूपल्ली कश्यप (35वें), शुभंकर दे (41वें), सौरभ वर्मा (44वें) सभी को पुरुष एकल रैंकिंग में फायदा हुआ है। अन्य भारतीयों पुरुष एकल खिलाड़ियों में अजय जयराम 67वें जबकि लक्ष्य सेन 69वें स्थान पर हैं। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी दो स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी 25वें पायदान पर बरकरार है।

# साइना नेहवाल और श्रीकांत अगले दौर में

बैंकाक, 31 जुलाई (भाषा)।

थाईलैंड ओपन

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बुधवार को यहां थाईलैंड ओपन के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में स्थानीय दावेदार फिटायापोर्न चाइवान पर सीधे गेम में जीत दर्ज करते हुए शानदार तरीके से कोर्ट पर वापसी की।

करीब दो महीने बाद कोर्ट पर वापसी कर रही साइना ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में चाइवान को 21-17 21-19 से पराजित किया। साइना चोट के कारण इंडोनेशिया ओपन और पिछले सप्ताह जापान ओपन में नहीं खेल पाई थी।

सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अब जापान की सयाका ताकाहाशी और इंडोनेशिया की रूसेली हार्टावान के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

पुरुष एकल में भी भारतीय खिलाड़ियों के लिये अच्छी खबर रही जिसमें किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय, पारूपल्ली कश्यप और शुभंकर दे ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया।



पांचवें वरीय किदाम्बी श्रीकांत को चीन के क्वालीफायर रेन पेंग बो को हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस भारतीय ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में पेंग बो को 21-13 17-21 21-19 से मात दी। श्रीकांत का सामना अब दूसरे दौर में थाईलैंड के खोसित फेतप्रदाब से होगा। प्रणय ने हांगकांग के वोंग विंग कि विन्सेंट को 21-16 22-20 से जबकि कश्यप ने इजरायल के मिशा जिल्बरमैन को 18-21 21-8 21-14 से पराजित किया। प्रणय और कश्यप को दूसरे दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ना है। प्रणय जापान के छठे वरीय केंटा निशिमोटो और कश्यप ताइपे के तीसरे वरीय चोऊ टिएन चेन के सामने होंगे।



शुभंकर दे भाग्यशाली रहे, उन्हें शुरुआती दौर के मुकाबले में शीर्ष वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोटा से वाकओवर मिला। हालांकि सौरभ वर्मा का सफर पहले ही दौर में समाप्त हो गया। उन्होंने सातवें वरीय जापान के कांटा सुनेयामा के खिलाफ 64 मिनट तक कड़ी मशक्कत की लेकिन 21-23 21-19 5-21 से पराजित हो गए। इससे पहले सात्विसाईराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने पहले दौर में चान पेंग सून और गोह लियू यिंग की ओलंपिक रजत पदकधारी जोड़ी को शिकस्त दी जो उनके करिअर की सबसे बड़ी जीत में से एक थी।

भारत की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के सून और यिंग की पांचवीं वरीय जोड़ी को 21-18 18-21 21-17 से पराजित किया। यह दूसरी बार है जब पोनप्पा और रंकीरेड्डी की दुनिया की 23वीं रैंकिंग की जोड़ी ने सून और यिंग को मात दी जिनकी विश्व रैंकिंग पांच है। भारतीय जोड़ी ने पिछले साल गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा में इस मलेशियाई जोड़ी को हराया था।अब पोनप्पा और रंकीरेड्डी का सामना दूसरे दौर में अलफियान एको प्रासेत्या और मार्शेला गिशा इस्लामी की इंडोनेशियाई जोड़ी से होगा।

## राजपूत ने भारत के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया

मुंबई, 31 जुलाई (भाषा)।

पूर्व मैनेजर लालचंद राजपूत ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद के लिए दावेदारी पेश की है। राजपूत अभी जिबाब्वे क्रिकेट टीम के कोच हैं लेकिन आइसीसी के सरकारी हस्तक्षेप के कारण जिंबाब्वे क्रिकेट को निलंबित किए के बाद उन्होंने भारत का मुख्य कोच बनने में रुचि दिखाई है।



पता चला है कि दक्षिण अफ्रीका में 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के मैनेजर रहे राजपूत ने बीसीसीआइ को निर्धारित समय सीमा खत्म होने से पूर्व दुबई हवाई अड्डे से आवेदन भेजा जबकि वे कनाडा जा रहे थे। बीसीसीआई ने मुख्य कोच, बल्लेबाजी कोच और गेंदबाजी कोच सहित अन्य पदों के लिए आवेदन मंगाए हैं और इसके लिए अंतिम तारीख 30 जुलाई थी।

मुंबई के पूर्व सलामी बल्लेबाज राजपूत ने भारत का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अफगानिस्तान के अलावा असम को प्रशिक्षण दिया है जबकि दो साल के लिए टी20 मुंबई लीग की टीम के भी प्रशिक्षक रहे।

राजपूत के करीबी सूत्र ने बताया है कि उन्होंने मुख्य कोच के लिए अपने नाम पर विचार नहीं होने की स्थिति में बीसीसीआइ से आग्रह किया है कि बल्लेबाजी कोच के लिए उनके नाम पर विचार किया जाए।

## ओवरथ्रो के चार रन हटाने को नहीं कहा : स्टोक्स

लंदन, 31 जुलाई (भाषा)।

इंग्लैंड के विश्व कप हीरो बेन स्टोक्स ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ ऐतिहासिक विश्व कप फाइनल के दौरान उन्होंने अंपायरों से कभी ओवरथ्रो के चार रन इंग्लैंड के स्कोर से हटाने के लिए नहीं कहा।

लाड्र्स पर 14 जुलाई को खेले गए फाइनल का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट ट्रेंट बोल्ट के अंतिम ओवर की चौथी गेंद पर ओवरथ्रो रहा। दूसरा रन पूरा करने की कोशिश में स्टोक्स कूद गए और डीप मिडविकेट से फेंकी गई गेंद उनके बल्ले से टकराकर थर्ड मैन बाउंड्री पर चार रन के लिए चली गई।



स्टोक्स ने बीबीसी के शो 'टफर्स एंड वान' पर कहा, 'मैंने सब कुछ देखा। मैं स्वयं से पूछा रहा था, क्या मैंने ऐसा कहा था? लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं अंपायरों के पास नहीं गया और अंपायरों से ऐसा कुछ नहीं कहा।' स्टोक्स इंग्लैंड की पारी में 84 रन बनाकर नाबाद रहे और फिर सुपर ओवर में दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरे।

इस आलराउंडर ने कहा कि जब गेंद बाउंड्री के लिए गई तो उन्होंने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन और विकेटकीपर टॉम लैथम से माफी मांगी। स्टोक्स ने कहा, 'मैं सीधे टॉम लैथम के पास गया और कहा 'दोस्त, माफ करना'। इसके बाद केन को देखा और कहा 'मुझे माफ करना'।'





Statement of Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2019.

(₹ in Crore)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended June 30, 2019 Un-Audited | Quarter ended June 30, 2018 Un-Audited | Year ended March 31, 2019 Audited | Quarter ended June 30, 2019 Un-Audited | Quarter ended June 30, 2018 Un-Audited | Year ended March 31, 2019 Audited |
| 1. Total Income | 8,249.10 | 8,925.55 | 34,341.79 | 8,410.41 | 9,030.52 | 34,658.96 |
| 2. Net Profit for the period before tax (before Exceptional item #) | 1,136.35 | 1,342.74 | 5,010.73 | 1,152.41 | 1,363.22 | 5,104.30 |
| 3. Net Profit for the period before tax (after Exceptional item #) | 1,873.83 | 1,342.74 | 5,010.73 | 1,889.89 | 1,363.22 | 5,104.30 |
| 4. Net Profit for the period after tax (after Exceptional item #) | 1,257.34 | 909.17 | 3,384.87 | 1,256.69 | 924.74 | 3,466.35 |
| 5. Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)) | 1,249.49 | 905.99 | 3,367.06 | 1,244.98 | 924.44 | 3,451.37 |
| 6. Equity Share Capital (face value ₹2/- per share) | 39.95 | 39.94 | 39.95 | 39.95 | 39.94 | 39.95 |
| 7. Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | 12,817.17 | - | - | 13,080.46 |
| 8. Earnings per share on net profit after tax - face value ₹2/- each (In Rupee) | | | | | | |
| a) Basic | 62.95 | 45.52 | 169.48 | 62.92 | 46.30 | 172.45 |
| b) Diluted | 62.95 | 45.52 | 169.47 | 62.92 | 46.30 | 172.44 |
| # Refer note 2 for Exceptional item | | | | | | |

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Company's website www.heromotocorp.com and also on stock exchange websites, www.bseindia.com and www.nseindia.com
2. The Company had deposited and created provision for "National Calamity Contingent Duty" ('NCCD') including applicable cess in its Haridwar plant during prior years, while contesting the same on the ground that NCCD is in nature of excise duty and should be covered by Area based exemption. Pursuant to favourable order from Hon'ble Supreme Court, the provision of ₹737.48 crore has been reversed as exceptional item in the current quarter and necessary refund applications already filed with the department.
3. With effect from April 1, 2019, the Company has adopted IND AS-116 using the modified simplified approach and accordingly previous period information has not been reinstated. Under this approach, the Company has recognised lease liabilities and corresponding equivalent right-of-use assets.
In the statement of profit and loss for the current quarter, operating lease expenses which were recognised as other expenses in previous periods is now recognised as depreciation expense for the right-of-use asset and finance cost for interest accrued on lease liability. The application of IND AS-116 did not have any significant impact in the financial results of the Company.
4. Based on the guiding principles given in Ind AS-108 on 'Operating Segments', the Company's business activity fall within a single operating segment, namely automotive segment. Accordingly, the disclosure requirements of Ind AS 108 are not applicable.
5. The above results for the quarter ended June 30, 2019 have been reviewed and recommended by the Audit Committee meeting held on July 29, 2019 and approved by the Board of Directors in their meeting held on July 30, 2019.

For and on behalf of the Board of Directors

New Delhi
30/07/2019

PAWAN MUNJAL
Chairman, Managing Director & CEO
DIN: 00004223

Hero MotoCorp Ltd. - Regd. Office: 34, Community Centre, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057, India.
Email: secretarialho@heromotocorp.com I Telephone no: 011-46044100 I Fax no: 011-26143321 I CIN: L35911DL1984PLC017354 I Visit: www.HeroMotoCorp.com

L&K | SAATCHI & SAATCHI


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 256, *हवाई शुल्कः* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।